वर्षः 7- अंकः 197, मुंबई, मंगलवार, 3 अक्टूबर, 2017 , मूल्यः1 रु. ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादकः दिलशाद एस.खान


दैनिक

# मुंबई हलचल

भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

अब हर सच होगा उजागर


# मनपा वाह?

## एक लाइसेंस-चार होटल



शरद उघाड़े
मनपा सहायक आयुक्त
(एच/डब्ल्यू)




होटल दुलाली

EXCLUSIVE
MUMBAI HALCHAL
EXCLUSIVE




होटल ट्यूनिंग फोर्क




होटल थ्री वाइज मंकी




होटल क्वार्टर पीलर

### बंद हो चुके होटल के लाइसेंस दिखाकर मनपा और पुलिस विभाग के अधिकारियों को करते हैं गुमराह

### वैद्यकीय आरोग्य विभाग से की गई शिकायत के बाद भी नहीं हुई कार्वाई

**मुंबई।** महानगर के खार पश्चिम में एक ही लाइसेंस पर चार-चार होटल चलाये जाने का हैरतअंगेज मामले का खुलासा होने से मनपा और पुलिस विभाग में काफी खलबली मच गई है। यह खुलासा खुद **दैनिक मुंबई हलचल** ने काफी खोजबीन के बाद किया है। इस खुलासे में पता चला है कि खार पश्चिम स्थित प्लाट नंबर ९ए, राज कुटीर बिल्डिंग, तीसरा रास्ता में दुलाली, थ्री वाइज मंकी, क्वार्टर पीलर और ट्यूनिंग फोर्क नाम के चार होटल एक साथ चल रहे हैं मगर इन सब के लाइसेंस एक ही नाम- सम्राट होटल रेस्टोरेंट के नाम पर है।


**(शेष पृष्ठ 5 पर)**

**पढ़ते रहिए इन होटलों की पूरी जानकारी प्रतिदिन एक-एक करके**

# अमेरिका में भीषण गोलीबारी

**50 मरे | 200 घायल**

## आईएसआईएस ने ली हमले की जिम्मेदारी



लास वेगास। अमेरिका के लास वेगास में एक संगीत समारोह के दौरान एक व्यक्ति द्वारा की गई गोलीबारी में कम से कम 50 लोगों की मौत हो गई और 200 से अधिक लोग घायल हो गए। हाल के दिनों में अमेरिकी इतिहास में यह अब तक गोलीबारी की सबसे घातक घटना है। पुलिस ने कहा कि बंदूकधारी की पहचान 64 वर्षीय स्टीफन पैडॉक के तौर पर हुई है। वह स्थानीय निवासी है। स्वैट टीम ने उसे मार गिराया। हमलावर ने एक संगीत समारोह स्थल के बगल में मैंडले बे की 32वीं मंजिल से गोलीबारी की थी।

**(शेष पृष्ठ 5 पर)**


शुध्द घी में बना

केसरीया मलाई
घेवर
MM MITHAIWALA
MALAD (W),TEL.: 288 99 501


राजघाट पर सत्याग्रह पर बैठे अन्ना हजारे

(समाचार पृष्ठ 6-7 पर)

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# सरकार के साथ रहकर भी खिलाफ रहेगी शिवसेना

**मुंबई।** महाराष्ट्र में शिवसेना सरकार के साथ है या सरकार के खिलाफ, यह किसी को समझ में नहीं आ रहा, शिवसेना के कुछ नेताओं को भी नहीं। शिवसेना बीजेपी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर हमले भी करती है और राज्य सरकार से समर्थन वापस भी नहीं लेने वाली।

सेना के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने दादर में दशहरा रैली के दौरान अपने भाषण में पीएम मोदी और मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस पर जमकर निशाना साधा लेकिन साथ ही यह भी कहा कि वह सरकार से फिलहाल समर्थन वापस नहीं लेने वाले। ठाकरे को इस बात के लिए विपक्षी पार्टियों की आलोचना भले ही झेलनी पड़ रही हो पर वह सरकार में बने रहने के अपने निर्णय पर अटल दिख रहे हैं।



उनकी खुद की पार्टी के कई नेताओं का भी मानना है कि शिवसेना को सरकार का साथ छोड़ देना चाहिए। वह ठाकरे को समझाने का प्रयास कर रहे हैं कि जितना अधिक बीजेपी सरकार में रहेगी, शिवसेना उतनी ही कमजोर पड़ती जाएगी।

सेना के कुछ नेताओं का मानना है कि सरकार के केवल दो साल बचे हैं। अगर शिवसेना समर्थन वापस लेती है तो कांग्रेस, एनसीपी या शिवसेना ही टूट जाएंगे और एक धड़ा बीजेपी को समर्थन दे देगा। हो सकता है कि पूरी एनसीपी ही बीजेपी के साथ हो ले। ऐसे में शिवसेना के पास कुछ बचेगा नहीं। सेना के नेताओं के मुताबिक फिलहाल सेना सरकार में रहकर बीजेपी को अलग-अलग मुद्दों पर घेरती रहेगी।

वहीं बीजेपी के एक नेता ने कहा कि शिवसेना सरकार की सहयोगी नहीं, विपक्षी दल की तरह व्यवहार कर रही है। पार्टी अपने नेताओं या पार्टी के मुखपत्र 'सामना' के जरिए केंद्र या राज्य सरकार पर हमले करती रहती है।

# लॉटरी विजेताओं को 2 साल बाद मिला आशियाना

मुंबई। म्हाडा की लॉटरी में नाम आने के बावजूद विजेताओं को अपने घर के लिए 2 साल तक इंतजार करना पड़ा। शुक्रवार को आखिरकार म्हाडा द्वारा इन विजेताओं को घर की चाबी देने की शुरूआत की गई। अब तक 30 लोगों को विजेताओं को घर की चाबी म्हाडा ने सौंपी है। ज्ञात हो कि म्हाडा द्वारा 2015 में मुंबई बोर्ड के लिए निकाली गई थी। इस लॉटरी के कई घर मालाड मालवणी इलाके में बनाए गए थे लेकिन कागजी प्रक्रिया में कमी होने के कारण इन इमारतों को ऑक्युपेशन सर्टिफिकेट नहीं मिल पाया था। इस वजह से विजेताओं को अपने घर लिए लंबे समय तक इंतजार करना पड़ा। म्हाडा के अनुसार मालवणी की अलग-अलग इमारतों में 232 विजेताओं को लॉटरी लगी थी। इनमें से अब तक 30 विजेताओं को घर की चाबी दी गई है। साथ ही इन घरों का निर्माण 2 साल




पहले किया था। इसलिए घर देने से पहले विजेताओं को घर की जांच करने की बात म्हाडा ने कही है। जो भी काम बाकी है वह ग्राहक फ्लैट से पहले म्हाडा को बता दें ताकि म्हाडा जांच कर उस काम को करा सके या फिर स्वयं कर सके। म्हाडा ने विकासकों को सभी कागजी प्रक्रिया पूरी कर जल्द ओसी देने का निर्देश दिया था। म्हाडा के निर्देशों का पालन करते हुए विकासकों ने बीएमसी से संबंधित इमारतों की ओसी हासिल की। इसके बाद म्हाडा ने लॉटरी विजेताओं को फ्लैट देने की प्रक्रिया की शुरूआत की।

# नवजात शिशु को 20 हजार में बेचा

**मुंबई।** पिछले हफ्ते बच्चों की तस्करी के मामले में हुई गिरफ्तारी के बाद अब पुलिस को पता चला है कि एक बाप ने 1 लाख रुपये का कर्ज चुकाने के लिए 20 हजार में अपने नवजात को बेच दिया था।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पुलिस की टीमें बेंगलुरु और नई दिल्ली बच्चों की तस्करी और खरीद-फरोख्त के मामले में गई थीं। इस जांच में पुलिस को कई बच्चों की तस्वीरें मिली हैं जिनकी पहचान होना बाकी है। नवजात के माता-पिता से पूछताछ की जा रही है। नवजात के पिता मुन्ना शेख ने बताया कि उसके ऊपर कर्ज के 1 लाख रुपये चुकाने का दबाव था। शेख ने पुलिस को बताया कि उसने अपने बच्चे को बेचकर कर्ज चुकाने की कोशिश की। उनके वडाला स्थित घर से अस्पताल में शाजिया को ऐडमिट कराने संबंधी दस्तावेज मिले। पिछले हफ्ते गिरफ्तार की गई महिला जूलिया फर्नांडिस ने कबूल किया था कि उसने 20,000 में बच्चे को खरीदा था। उसने पुलिस से कहा कि वह 1.5 लाख में उस बच्चे को बेचना चाहती थी। पुलिस ने बताया कि जब भी जूलिया से बात करने की कोशिश की गई उसने पैर में दर्द का बहाना कर बात करने से मना कर दिया। बच्चे को अदालत ने अधिराज नाम दिया है। उससे वेलफेयर सेंटर में रखा गया है।

# खाने में मिला कॉकरोच, बीएमसी करेगी जांच

**मुंबई।** अगर आप भी महंगे रेस्तरां में खाने के शौकीन हैं तो जरा संभल जाएं। चेंबूर स्थित एक बड़े रेस्तरां में खाना खाने गया एक परिवार तब भौचक्का रह गया जब उनकी प्लेट में मरा कॉकरोच दिखा। कॉकरोच की शिकायत परिवार वालों ने तुरंत रेस्तरां वालों से की। इस परिवार के स्वरूप रेवेनकर ने बताया कि मामले के बाद रेस्तरां द्वारा हमें बिल नहीं दिया जा रहा था। इस बारे में हमने पुलिस से शिकायत की। पुलिस के हस्ताक्षेप के बाद रेस्तरां द्वारा खाने का बिल दिया गया। हमने इसकी शिकायत बीएमसी से की है।

**राइस में था कॉकरोच**

स्वरूप रेवेनकर की पत्नी अमिता रेवेनकर ने बताया, 'गुरुवार को हम चेंबूर के 'ली कैफे' रेस्तरां में खाना खाने गए थे। हमने कुछ इटैलियन फूड और साथ में चावल ऑर्डर किया था। आधा खाना खाने के बाद हमने देखा कि हमारे चावल वाली प्लेट में कुछ अजीब



सी चीज दिख रही थी। बाहर निकाल कर देखा तो वह एक मरा हुआ कॉकरोच था। इसकी शिकायत जब हमने रेस्तरां से की तो उन्होंने बिल देने से ही इनकार कर दिया। तमाम कोशिशों के बाद जब रेस्तरां द्वारा बिल नहीं दिया गया तो हमने इसकी शिकायत चेंबूरा पुलिस स्टेशन में की। इसके बाद रेस्तरां द्वारा हमें बिल दिया गया। चूंकि मामला खाने की स्वच्छता से संबंधित था तो हमने इसकी शिकायत बीएमसी के एम/पश्चिम विभाग से की।'

एम/पश्चिम वॉर्ड के स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर भूपेंद्र पाटिल ने एनबीटी से बात करते हुए कहा, "ली कैफे' के खिलाफ शिकायत हमें मिली है। मामले की जांच की जाएगी। अगर संबंधित रेस्तरां दोषी पाया जाता है तो उसे नोटिस दिया जाएगा। नोटिस के बाद भी अगर ऐसी शिकायत भविष्य में आती है तो रेस्तरां के खिलाफ कोर्ट में मामला दर्ज किया जाएगा।

**आप भी कर सकते हैं शिकायत**

अगर आप भी किसी होटल या रेस्तरां में खाना खाने जाते हैं और ऐसी घटना होती है तो आप भी इसकी शिकायत कर सकते हैं। डॉ. भूपेंद्र पाटिल ने बताया कि खाने की साफ-सफाई से संबंधित शिकायत स्थानीय बीएमसी वॉर्ड ऑफिस के स्वास्थ्य अधिकारी से कर सकते हैं। अगर खाने की गुणवत्ता संबंधित कोई मामला है तो इसकी शिकायत एफडीए से की जा सकती है।

# चर्नी रोड पर जल्द लगाई जाएं स्वचालित सीढ़ियां

**मुंबई।** दक्षिण मुंबई के चर्नी रोड रेलवे स्टेशन पर रेल सुविधाओं का तत्काल विस्तार करने का निर्देश रेल मंत्री पीयूष गोयल ने रेलवे अधिकारियों को दिया है। रेल मंत्री ने चर्नी रोड रेलवे स्टेशन पर प्लेट फॉर्म नंबर दो और तीन के मध्य भाग में उतरने के लिए एस्केलेटर स्थापित करने के निर्देश दिए हैं। रेल मंत्री ने वहां पर बंद पड़े स्काई वॉक के काम को भी तत्काल पूरा करने को कहा है।

एल्फिंस्टन रोड हादसे के तत्काल बाद रेल मंत्री ने दशहरा होने के बावजूद रेलवे बोर्ड के सारे सदस्यों को दिल्ली से बुलाया और पश्चिम और मध्य रेलवे के अधिकारियों के साथ मुंबई में विशेष बैठक बुलाई थी। इसी बैठक के दौरान पश्चिम रेलवे मुख्यालय में हुई इस मुलाकात में रेल मंत्री गोयल ने पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक एके गुप्ता और मुंबई डिविजन के मंडल प्रबंधक मुकुल जैन को चर्नी रोड पर काम तत्काल शुरू करने के निर्देश दिए।

चर्नी रोड स्टेशन पर यात्रियों की समस्या की




जानकारी देते हुए विधायक मंगल प्रभात लोढ़ा

ने रेल मंत्री को बताया कि चर्नी रोड स्टेशन जाने के लिए साहित्य संघ लेन से स्काई वॉक तो है, लेकिन उसका प्लेट फॉर्म संख्या 2 और 3 से कोई कनेक्शन नहीं है। इससे लोगों को प्लेट फॉर्म पर आने के लिए नॉर्थ या साउथ की तरफ से बहुत लंबा रास्ता तय करना पड़ता है। उससे बचने के लिए लोग पटरी क्रॉस करते हैं और हादसे के शिकार होते हैं।

रेल सेवा में हो सुधारः राष्ट्रपति कोविंद

राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने कहा कि रेल सेवा को लगातार बेहतर बनाया जाना चाहिए। एल्फिंस्टन स्टेशन में भगदड़ में 23 लोगों के मरने के बाद राष्ट्रपति ने यह बात कही है। राष्ट्रपति रविवार को शिर्डी जाने के लिए दिल्ली से मुंबई आए थे। हालांकि उन्होंने हवाई अड्डे से ही शिर्डी के लिए उड़ान भरी। राष्ट्रपति ने कहा कि रेल सेवा प्रत्येक मुंबईकरों के दैनिक जीवन का एक महत्वपूर्ण अंग है। रेल सेवा के प्रत्येक पक्ष में लगातार सुधार होना चाहिए।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प ) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन:**9619102478 /9769659975** कार्यकारी संपादक - सी हरीश
email: mumbaihalchal@gmail com संपादकः **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# पूनम महाजन हुई थी यौन उत्पीड़न की शिकार



## बोली- बुरी नजर से देखते थे

**मुंबई।** सिर्फ आम लोग ही नहीं नार्थ सेंट्रल, मुंबई से भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) की सांसद और राहुल महाजन की बहन पूनम महाजन भी यौन उत्पीड़न का शिकार हो चुकी हैं। यह बात उन्होंने खुद अहमदाबाद में आयोजित के कार्यक्रम के दौरान कही। सांसद महाजन ने कहा, हर महिला को जीवन में कभी न कभी यौन उत्पीड़न का सामना करना ही पड़ता है और इस परेशानी से वह भी अछूता नहीं हैं। सांसद पूनम महाजन ने रविवार को अहमदाबाद के इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान कहा, बात उन दिनों की है जब मैं कार अफोर्ड नहीं कर सकती थीं। मैं क्लास करने के लिए वसोर्वा से वर्ली तक मुंबई लोकल से सफर करती थीं, लेकिन रास्ते में कई लोग उन्हें अक्सर बुरी नजर से देखते थे। ऐसा दुनिया की हर महिला खासकर भारतीयों को झेलना पड़ता हैं। आगे उन्होंने बताया कि, ऐसी स्थिति में वह खुद को बेचारी महसूस करती थीं। उन्होंने कहा कि राजनीति में पुरुष औसत दर्जे को बर्दाश्त कर सकते हैं, लेकिन महिलाएं ऐसा नहीं कर सकतीं। ऐसा महिलाओं को शोभा नहीं देता। उन्होंने कहा, महिलाओं को शक्ति की जरूरत है और महिलाओं ने ऐसा कर दिखाया है। अमेरिका में आज तक महिला राष्ट्रपति नहीं हुई जबकि हमारे यहां राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, रक्षा मंत्री और मुख्यमंत्री हो चुकी हैं। कुछ मामलों में हम अमेरिका से आगे हैं। पूनम पार्टी के दिवंगत नेता प्रमोद महाजन की बेटी हैं। प्रोमद अटल बिहारी वाजपेयी सरकार में मंत्री रह चुके हैं। 2014 के लोकसभा चुनाव पूनम ने मुंबई नॉर्थ सेंट्रल सीट से लड़ा था। इस चुनाव में उन्होंने कांग्रेस की प्रिया दत्त को 1.86 लाख के बड़े अंतर से हराया था।

# शिरडी में एयरपोर्ट शुरू, साईं भक्तों को मिली सौगात



**शिरडी।** देश-विदेश से दर्शन-पूजन के लिए पहुंचने वाले साईं बाबा के भक्तों की सुविधा के लिए रविवार को शिरडी एयरपोर्ट का शुभारंभ किया गया। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले में नवनिर्मित एयरपोर्ट का लोकार्पण किया। इसके बाद उन्होंने शिरडी से मुंबई के लिए एलायंस एयर की व्यावसायिक उड़ान को हरी झंडी दिखाई। हवाई अड्डा सुत्रों के अनुसार, राष्ट्रपति का विमान नई दिल्ली से शिरडी एयरपोर्ट पर रविवार सुबह 10.30 बजे पहुंचा। इसके बाद उन्होंने एयरपोर्ट का लोकार्पण किया। महाराष्ट्र एयरपोर्ट डेवलपमेंट कारपोरेशन द्वारा विकसित इस एयरपोर्ट का उद्घाटन साईं बाबा समाधि की शताब्दी वर्ष महोत्सव की शुरूआत के मौके पर हुआ। अनुमान है कि इस महोत्सव में दुनिया भर से एक करोड़ से ज्यादा ज्यादा श्रद्धालु भाग लेने के लिए शिरडी आएंगे। एक अनुमान के मुताबिक, रोजाना यहां करीब 60 हजार तीर्थयात्री साईं बाबा का दर्शन करने के लिए आते हैं। इनमें से करीब 10-12 फीसद यात्रियों को हवाई यात्रा के लिए आकर्षित करने की योजना है। विमानन नियामक डीजीसीए ने शुरूआत में दिन के समय एयरपोर्ट के संचालन की अनुमति दी है।

# 'बुलेट ट्रेन केवल दिखाने के लिए, उसमें कोई नहीं बैठेगा'

**मुंबई।** मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक बयान से विवाद खड़ा हो गया है। रविवार को राष्ट्रवादी कांग्रेस के विधायक जितेंद्र आव्हाड ने एक वीडियो ट्वीट किया है। आव्हाड ने दावा किया है कि यह वीडियो साल 2013 का है। जब मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में मुंबई के इंडियन मर्चेंट चैंबर्स में भाषण दिया था। भाषण में मोदी ने कहा-हमें बहुत बड़ा सोचना चाहिए। हम बहुत छोटा सोचते हैं



इससे नहीं होता है जी। मेरी एक दिन चीन के प्रधानमंत्री से बात हो रही थी। मैंने उनसे कहा कि पूरे चीन की चर्चा कहीं नहीं होती है। आप किसी को दिखाते हैं तो केवल शंघाई दिखाते हैं। मैंने उनसे कहा कि, एक छोटा सा काम करवा दीजिए। मुंबई- अहमदाबाद के बीच बुलेट ट्रेन चालू करवाइए। ट्रेन में कोई बैठने के लिए आने वाला नहीं है, लेकिन दुनिया को हमारी ताकत का परिचय होगा। दुनिया को दिखाने के लिए करना पड़ता है। मोदी के इस भाषण पर आव्हाड ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी बुलेट ट्रेन परियोजना को लेकर कितने गंभीर हैं।

# हज यात्रियों को विमान के अलावा समुद्र से भेजेगी सरकार

**मुंबई।** केंद्र विमान के अलावा अन्य मार्गों से भी हज यात्रियों को सऊदी अरब भेजने के लिए इस सप्ताह नई हज यात्रा नीति लेकर आ सकती है। सूत्रों के मुताबिक इस नीति की खास बात दो दशक बाद यात्रियों को समुद्र मार्ग से जेद्दा भेजने के विकल्प को पुनर्जीवित करना होगा। समझा जाता है कि नई नीति अगले साल से लागू किया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने 2012 के अपने आदेश में हज यात्रियों को विमान के किराए में दी जाने वाली सब्सिडी को वर्ष 2022 तक खत्म करने के लिए कहा था। इसके बाद हज यात्रियों को तटीय शहर मुंबई से जेद्दा भेजने के विकल्प पर विचार किया गया। सरकार का मानना है कि समुद्र मार्ग से यात्रा का खर्च कम होगा। सूत्रों ने बताया कि हालांकि जायरीन दिल्ली और मुंबई समेत देश के 21 हवाईअड्डों से विमान के जरिए मक्का मदीना जा सकेंगे। नीति में यह भी जोड़ा गया है कि एक व्यक्ति जीवन में एक बार ही हज यात्रा पर जाए। हज यात्रियों को समुद्र मार्ग से सऊदी अरब भेजने की प्रक्रिया 1995 में समाप्त कर दी गई थी, क्योंकि जिस जहाज एमवी अकबरी से उन्हें खाड़ी देश ले जाया जाता था वह पुराना हो गया था।

## एलफिंस्टन हादसा

# मृतकों के परिजनों को लौटाए गए कीमती सामान

**मुंबई।** शुक्रवार को एलफिंस्टन हादसा में मारे गए लोगों के गहने और कीमती सामान उनके परिजनों को लौटा दिए गए हैं। मृतकों के कुछ रिश्तेदारों ने उनके शरीर पर मौजूद गहने गायब होने की बात कही थी। पुलिस का कहना है कि, गहने केईएम अस्पताल के ही वार्डब्वाय ने निकालकर रखे थे जिनमें से ज्यादातर वापस लौटा दिए गए हैं। मुंबई पुलिस के प्रवक्ता डीसीपी दीपक देवराज ने बताया, वार्डब्वाय ने गहने दादर पुलिस को सौंप दिए हैं। दादर पुलिस के जवान पीड़ितों के घर जाकर रसीद आदि के जरिए पुष्टि कर गहने वापस कर रहे हैं। इससे पहले हादसे का शिकार हुई महिला शुभलता शेट्टी के कंगन गायब होने की बात उनके रिश्तेदारों ने कही थी। पुलिस में इसकी शिकायत नहीं की गई थी।



**गलत समझा**

कुछ तस्वीरें सामने आईं थी जिनमें एक युवक घायल शुभलता का हाथ पकड़े दिखाई दे रहा था। इसलिए अंदाजा लगाया गया कि युवक का इरादा चोरी का था। लेकिन पुलिस का कहना है कि उसके पास किसी ने चोरी की शिकायत नहीं की है। जो समान वापस किए गए उनमें ज्योतिबा चव्हाण का बैग है जिसमें चेकबुक 1250 रुपए नकद था। इसके अलावा एलेक्स कोरिया का नोकिया मोबाइल, शुभलता शेट्टी के कंगन, कलाई घड़ी, तीन अंगूठियां, ईयररिंग जैसे गहने, सुजाता अल्वा की अंगूठी, कान की बाली, नाक में पहने जाने वाला गहना उनके परिजनों को लौटाया गया है।

**घायल महिला से छेड़छाड़**

एलफिंस्टन हादसे के बाद घायल पड़ी एक महिला से छेड़छाड़ की गई। एक वीडियो सामने आया है जिसमें पुल के बाहरी हिस्से में लटका एक युवक महिला को गलत तरीके से हाथ लगाता दिख रहा है।

**आवश्यक सूचना**

पाठकों को सूचित किया जाता है कि **'दैनिक मुंबई हलचल'** के नाम पर अगर कोई भी व्यक्ति आपसे किसी भी तरह का 'व्यवहार' करता है तो इसकी पुष्टि के लिए इस नंबर पर संपर्क कर लें।
**(9619102478)**

**आवश्यक है**

**'दैनिक मुंबई हलचल'** अखबार के लिए दक्षिण मध्य मुंबई, बांद्रा, कुर्ला, गोवंडी, अंधेरी, मालाड, दहिसर, ठाणे, मीरा रोड इत्यादि अनेक क्षेत्रों से अंशकालीन संवाददाताओं की आवश्यकता है तुरंत संपर्क करें कॉल करें समय (3 से 6 बजे)
**(9619102478)**

## हमारी बात

### मुकदमों का बोझ

**विधि** मंत्रालय की ओर से लंबित मुकदमों के संदर्भ में पेश आंकड़े इसके बावजूद कोई बहुत उम्मीद नहीं जगाते कि पिछले तीन सालों में सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालयों में लंबित मुकदमों की संख्या में कुछ कमी आई है। इस कमी पर इसलिए संतुष्ट नहीं हुआ जा सकता, क्योंकि इसी के साथ यह भी सामने आया कि निचली अदालतों में लंबित मुकदमों की संख्या घटने के बजाय बढ़ गई। विधि मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार उच्चतम न्यायालय में अभी भी करीब 58 हजार मुकदमे लंबित हैं और उच्च न्यायालयों में चालीस लाख से अधिक। वहीं दूसरी ओर निचली अदालतों में लंबित मुकदमों की संख्या 2.74 करोड़ है। इसका मतलब है कि देश में लंबित मुकदमों की संख्या अभी भी तीन करोड़ से ऊपर है। यह आदर्श स्थिति नहीं। विडंबना यह है कि लंबित मुकदमों की इस संख्या के बोझ को लेकर चिंता जताते हुए करीब दो दशक बीत गए और फिर भी हालात करीब-करीब जस के तस हैं। इसका मुख्य कारण है न्यायिक सुधारों की अनदेखी। इससे बड़ी विडंबना और कोई नहीं हो सकती कि जब हर क्षेत्र में सुधारों की ओर बढ़ा जा रहा है तब न्यायिक क्षेत्र में सुधारों पर केवल चर्चा होकर रह जा रही है। इससे भी खराब बात यह है कि न्यायपालिका, कार्यपालिका और विधायिका अपनी-अपनी जिम्मेदारी एक-दूसरे पर डालकर कर्तव्य की इतिश्री कर रही हैं। बेहतर हो कि तीनों ही यह समझें कि न्यायिक सुधार उनकी साझी जिम्मेदारी है। न्यायिक सुधारों के सिलसिले को आगे बढ़ाने के लिए तीनों को एक-साथ सक्रिय होने की आवश्यकता है। इस मामले में न्यायपालिका को कहीं अधिक सक्रियता दिखाने की आवश्यकता है, क्योंकि न्यायिक सुधारों के प्रति उसका रुख-रवैया उत्साहित करने वाला नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने न्यायाधीशों की नियुक्ति संबंधी कानून को खारिज करने के बाद जजों की नियुक्ति से जुड़े मेमोरेंडम ऑफ प्रोसीजर पर जैसा रवैया अपना रखा है उसके चलते उच्चतर न्यायपालिका में न्यायाधीशों की नियुक्ति में तेजी नहीं आ पा रही है। यह ठीक नहीं कि न्यायाधीश ही न्यायाधीशों की नियुक्ति करें, लेकिन अपने देश में ऐसा ही है और लगता नहीं कि इस स्थिति में कोई बदलाव संभव है। निःसंदेह सुप्रीम कोर्ट को उच्चतर न्यायपालिका में रिक्त पदों को लेकर चिंतित होना चाहिए, लेकिन उसे ऐसी ही चिंता न्यायिक सुधारों के मामले में भी प्रदर्शित करनी चाहिए। इसी के साथ-साथ उच्चतर न्यायपालिका और साथ ही राज्य सरकारों को यह देखना चाहिए कि निचली अदालतों में न्यायाधीशों के रिक्त पद जल्द से जल्द कैसे भरे जाएं। यह ठीक नहीं कि इस बारे में कोई भी चिंता करता नजर नहीं आता। समस्या केवल यह नहीं है कि निचली अदालतों से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक में पर्याप्त संख्या में न्यायाधीश नहीं हैं। समस्या यह भी है कि विभिन्न स्तरों पर अदालतों को जैसे संसाधन चाहिए उनका अभाव दूर नहीं हो रहा है। एक बड़ी समस्या सामान्य मुकदमों के निस्तारण में भी तारीख पर तारीख के सिलसिले की है। स्पष्ट है कि मुकदमों के निस्तारण की मौजूदा प्रक्रिया को प्राथमिकता के आधार पर दुरुस्त करने की भी जरूरत है। अच्छा होगा कि इस जरूरत की पूर्ति के लिए सभी मिलकर आगे बढ़ें।

# ठोस नतीजों का इंतजार

**विश्व** बैंक की एटलस ऑफ सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स की ताजा रिपोर्ट में भारत के गरीबी कम करने के पिछले 25 सालों के प्रयास को सराहा तो गया है, परंतु यह भी बताया गया है कि प्रक्रिया अपेक्षाकृत बेहद धीमी है। उदाहरण के तौर पर 1990 से 2013 तक भारत ने सिर्फ 12 करोड़ लोगों को ही गरीबी से निकाल सका, लेकिन वहीं चीन ने इसी काल में 72.60 करोड़ लोगों को स्थाई तौर पर इससे निकाला। दरअसल एक तो ग्रोथ हुई नहीं और अगर हुई भी तो उसका लाभ सामान्य जन तक कतई नहीं पहुंचा। अर्थशास्त्र में इसे नापने के पैमाने को ग्रोथ इलास्टिसिटी ऑफ पावर्टी यानी जीईपी कहते हैं। इसका मतलब यह है कि अगर प्रति व्यक्ति आय एक प्रतिशत बढ़ी तो गरीबी तीन प्रतिशत कम होनी चाहिए, लेकिन भारत में ब्राजील, मैक्सिको या अन्य कम आय वाले, लेकिन सक्षम देशों के मुकाबले यह अनुपात दसवां हिस्सा है। नतीजतन समाज में एक न दिखाई देने वाला आक्रोश भी बढ़ रहा है। यही वजह है कि जब नरेंद्र मोदी भाजपा के प्रधानमंत्री प्रत्याशी के रूप में उभरे तो जनता को इस नेता में कथनी को करनी में बदलने वाला, ईमानदार और अपने बीच का लिहाजा अपनों की चिंता करने वाला नजर आया।

19 जनवरी, 2014 को एक सभा में बोलते हुए जब मोदी ने शासकों ने 60 साल में कुछ नहीं किया और यह सेवक आपसे मात्र 60 महीना मांग रहा है कहा था, तब जनता एक दिवास्वप्न देखने लगी। उसकी अपेक्षाएं बढ़ गईं, क्योंकि भरोसा अप्रतिम था, लेकिन कहते हैं कि हर चीज की मियाद होती है-विश्वास की भी। प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू पर इस जनता का अगाध विश्वास था। उसके बाद अन्य किसी पर ऐसा विश्वास नहीं हुआ, मोदी के सिवाय। चूंकि विश्वास अगाध बनाने में तर्क के साथ भावना का भी योगदान होता है, लिहाजा जब-जब मोदी ने अपने को सेवक कहा, संसद में पहली बार घुसते हुए सीढ़ियों पर मत्था टेका, भाइयों-बहनों से संबोधित किया, मन की बात की, स्वच्छ भारत के लिए प्रेरित किया, सर्जिकल स्ट्राइक की, नोटबंदी की तो जनता को अपने विश्वास की सार्थकता पर गुमान हुआ, लेकिन भावातिरेक पर जीवन के सत्य अंततोगत्वा भारी पड़ते हैं। अब जनता यह सोचने लगी है कि आखिर चालीस माह के शासन के बाद उसके हिस्से में क्या आया है? वह देश में बहुत कुछ होता देख रही है। सच तो यह है कि वह राष्ट्रीय के साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी भारत सरकार की सक्रियता देख रही है, लेकिन रह-रह कर ऐसी खबरें भी आती हैं जो उसकी व्यग्रता को बढ़ाती हैं। हाल ही में जब यह खबर आई कि जिन 30.67 लाख युवाओं को प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना में ट्रेनिंग दी गई थी उनमें से तीन लाख को भी नौकरी नहीं मिली तो उसे यथार्थ के धरातल पर सोचना पड़ा। आखिर उसके लड़के की नौकरी का क्या हुआ? ऐसे एक नहीं अनेक सवाल हैं, जो लोगों के मन में उभर आए हैं। निःसंदेह आम जनता को नोटबंदी भाई, लेकिन जब उसे यह खबर पढ़ने या देखने को मिलती है कि मुंबई में हर पांच दिन में एक व्यक्ति अरबपति बन जाता है तो उसे अपने ड्राइवर बेटे की याद आती है जो दस साल से उसी शहर में गाड़ी चला रहा है और तनख्वाह बढ़ना तो दूर, शिवसेना या फिर मनसे की सेना के लोगों से जान का खतरा और बढ़ गया है। जब उसे यह पता चलता है कि पिछले मात्र एक साल में अमुक उद्योगपति की संपत्ति लगभग तीन गुनी बढ़ गई है और अमुक की डेढ़ गुनी या दोगुनी तो उसे अपनी तनख्वाह में मात्र पांच-दस प्रतिशत का इजाफा और महंगाई का दंश मुंह चिढ़ाने लगता है।

वर्ल्ड वेल्थ रिपोर्ट के अनुसार ऊपर के एक प्रतिशत



के पास बाकी 99 प्रतिशत के मुकाबले संपत्ति, जो 2000 में 37 गुनी, 2005 में 42 गुनी, 2010 में 48 गुनी, 2012 में 52 गुनी थी वह आज बढ़कर करीब 70 गुनी हो गई है। इसका कुअसर यह हुआ है कि गरीब-अमीर के बीच की इस बढ़ती खाई से सामाजिक आक्रोश लगातार बढ़ रहा है। एक तरफ किसान नाराज हैं तो दूसरी तरफ छात्र सशंकित। ऐसे में महाराष्ट्र, गुजरात और मध्य प्रदेश में उग्र किसान आंदोलनों या बीएचयू के छात्राओं के आंदोलन को हल्के में नहीं लिया जाना चाहिए। इसी सिलसिले में एक ताजा उदाहरण लें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में वादा किया कि देश के हर गांव में अगले एक साल तक बिजली पहुंच जाएगी। लगभग 16000 करोड़ रुपये की इस सौभाग्य (सहज बिजली हर घर) योजना में दिसंबर 2018 तक देश के सभी 4.50 करोड़ वंचित परिवारों को बिजली मुहैया कराई जाएगी, लेकिन सरकार के ग्रामीण विद्युतीकरण (गर्व) की ही ताजा रिपोर्ट के अनुसार जिन 18452 चिन्हित गांवों में से 13523 गावों में बिजली पहुंचाई गई उनमें से मात्र आठ प्रतिशत ने ही कनेक्शन लिया है। इसका कारण यह बताया जा रहा है कि गरीबों द्वारा 2000 से 3000 रुपये कनेक्शन की प्रारंभिक राशि देना संभव नहीं है और बिजली की उपलब्धता न के बराबर होने से कोई भी इसमें पैसा खर्च नहीं करना चाहता। एक अन्य रिपोर्ट देखें। जिन गांवों में केंद्र और राज्य सरकारों ने शौचालय बनवाकर उन्हें खुले में शौच से मुक्त घोषित किया उनमें से कई में शौचालयों का इस्तेमाल नहीं हो रहा है और आठ महीने बाद ही औरतें फिर अब खेत में शौच के लिए जाने लगी हैं, क्योंकि सरकारी शौचालयों में सीवर पाइप लीक करने लगा है और शौचालय चोक करने लगा है। पाइप लाइन की गुणवत्ता खराब बताई जा रही है। ऐसा लगता है कि भ्रष्ट सरकारी अमले पर मोदी के मन की बात का कोई असर अभी तक नहीं हुआ है। सत्ताधारी भाजपा के प्रभावी अध्यक्ष अमित शाह की चिंता जायज है। अचानक सोशल मीडिया में आंकड़ों और तथ्यों के साथ विकास की स्थिति को लेकर मोदी सरकार के खिलाफ एक बाढ़ सी आ गई है। नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बने साढ़े तीन साल होने वाले हैं। आज भी अगर लोगों से पूछा जाए तो वे यह कहते हैं कि उन्हें भरोसा है कि मोदी ही इस देश को उबार सकते हैं, लेकिन अब जब वे यह बात कह रहे हैं तो साथ में यह भी जोड़ दे रहे हैं कि साढ़े तीन साल कम नहीं होते।

# पहाड़ पर राहत

केंद्रीय गृहमंत्री राजनाथ सिंह के अनुरोध करने पर गोरखा जनमुक्ति मोर्चा (गोजमुमो) के 104 दिनों से चल रहे लगातार बंद, प्रदर्शन और आंदोलन उठा लेने से पहाड़वासियों ने राहत की सांस ली है। गोजमुमो सुप्रीमो विमल गुरुंग ने महाषष्ठी के दिन दार्जिलिंग में पृथक राज्य की मांग पर चल रहे बेमियादी बंद और लगातार आंदोलन को वापस लेने की घोषणा की। उसके बाद पहाड़ में जनजीवन सामान्य होने लगा। दुर्गोत्सव पर बाजार-हाट खुलने लगे। परिवहन व्यवस्था लगभग पटरी पर आ गई है। लेकिन राज्य पुलिस गोजमुमो की गतिविधियों पर नजर रखने से पीछे नहीं हटेगी। गुरुंग ने ह्वाट्सअप पर बंद व आंदोलन वापस लेने की घोषणा की है। इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि गोजमुमो पर पुलिस की दबिश कम नहीं होगी। गुरुंग का कहना है कि केंद्र सरकार से त्रिपक्षीय बैठक बुलाने और समस्या के समाधान के लिए ठोस आश्वासन मिलने पर ही उन्होंने बंद वापस लेने की घोषणा की। हालांकि राज्य सरकार गुरुंग के दावे से सहमत नहीं है। सरकार का मानना है कि गोरखा टेरिटोरियल एडमिनिस्ट्रेशन (जीटीए) की जगह पहाड़ में विकास के लिए मुख्यमंत्री के नया प्रशासनिक बोर्ड गठित करने और विनय तामांग समेत अन्य सदस्यों को कार्य की जिम्मेदारी सौंपने के बाद पहाड़ में जनजीवन सामान्य होने लगा था।

पहाड़ में आंदोलन पर विमल गुरुंग की पकड़ ढीली पड़ती जा रही थी। मुख्यमंत्री के आंदोलनकारी सदस्यों के साथ दो बार बैठक करने के बाद पहाड़ में कुछ हद तक स्थिति सामान्य हो रही थी। ऐसे में विमल गुरुंग के बंद वापस लेने के सिवा कोई दूसरा रास्ता नहीं था। हालांकि गोजमुमो ने मुख्यमंत्री के साथ दो बार बैठक होने पर त्रिपक्षीय बैठक बुलाने की मांग की थी। लेकिन मुख्यमंत्री ने इसे टाल दिया था। ममता द्विपक्षीय वार्ता के जरिए ही पहाड़ की समस्या का समाधान करना चाहती थी। लेकिन गोजमुमो मुख्यमंत्री के साथ वार्ता करके संतुष्ट नहीं था। केंद्र को इस मुद्दे पर मुख्यमंत्री के त्रिपक्षीय बैठक बुलाने की पहल करने का इंतजार था। लेकिन ममता इसके लिए तैयार नहीं थी। दार्जिलिंग कई पड़ोसी देशों की अंतरराष्ट्रीय सीमाओं से जुड़ी है। केंद्र इतने संवेदनशील मुद्दे पर ज्यादा दिन राज्य के भरोसे नहीं रह सकता। इसलिए गृहमंत्री की पहल पर गोजमुमो ने आंदोलन वापस ले लिया है तो यह राज्य के लिए भी शुभ है। राज्य सरकार को त्रिपक्षीय बैठक कर पहाड़ समस्या का स्थाई हल खोजना चाहिए।

# राणे ने बनाई पार्टी

## एनडीए में हो सकते हैं शामिल



**मुंबई।** कांग्रेस छोड़ने वाले राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री नारायण राणे ने आखिरकार अपनी नई राजनीतिक पारी की शुरूआत कर दी। उन्होंने यशवंतराव चव्हाण प्रतिष्ठान में रविवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में महाराष्ट्र स्वाभिमान पक्ष नाम से नई पार्टी का ऐलान किया। सूत्रों के अनुसार भाजपा ने राणे को एनडीए में शामिल होने का प्रस्ताव दिया है। इस बात की जल्द घोषणा की जाएगी। पत्रकार वार्ता के दौरान राणे के बड़े बेटे पूर्व सांसद नीलेश को छोड़कर कोई बड़ा चेहरा मौजूद नहीं था। वहीं, छोटे बेटे विधायक नितेश राणे अभी कांग्रेस में बने हुए हैं। नितेश के कांग्रेस छोड़ने के सवाल पर राणे ने कहा कि विधायक नितेश ज्योतिषी की सलाह के अनुसार पार्टी छोड़ेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस छोड़ने के बाद भाजपा सहित कई दलों के साथ मेरी बातचीत चल रही थी, लेकिन अंततः मैंने पार्टी बनाने का फैसला किया।

### मंत्री बन सकते हैं राणे

सूत्रों के अनुसार भाजपा ने राणे को एनडीए में शामिल होने का प्रस्ताव दिया है। इस बात की जल्द घोषणा की जाएगी। इसके बाद राणे फडणवीस सरकार में मंत्री बनेंगे। राज्य मंत्रिमंडल में शामिल होने के सवाल पर उन्होंने कहा कि इसका जवाब मुख्यमंत्री फडणवीस देंगे, क्योंकि मंत्रिमंडल में मंत्रियों को शामिल करने का अधिकार मुख्यमंत्री का होता है। गौरतलब है कि कांग्रेस से इस्तीफा देने के बाद ऐसी अटकलें लगाई जा रही थीं कि वह भाजपा का दामन थाम सकते हैं। पिछले सप्ताह भाजपा अध्यक्ष अमित शाह से नई दिल्ली में उन्होंने मुलाकात भी की थी। तब कुछ मीडिया रिपोर्टों में बताया गया था कि शाह ने राणे से पार्टी बनाकर पहले अपनी ताकत दिखाने और उसके बाद उनको भाजपा या एनडीए में शामिल करने पर फैसला किए जाने की बात कही थी।

### राणे को शिवसेना के खिलाफ इस्तेमाल करेगी भाजपा!

राणे को भाजपा, शिवसेना के खिलाफ हथियार के रूप में इस्तेमाल कर सकती है। राणे के नई पार्टी बनाने की घोषणा करते समय इसकी झलक भी देखने को मिली। गठबंधन धर्म की मजबूरी के कारण शिवसेना को भाजपा जवाब नहीं दे पा रही थी, लेकिन अब राणे उसकी भरपाई करेंगे। रविवार को राणे ने मानों इसकी शुरूआत भी कर दी। शिवसेना के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए उन्होंने उद्धव को स्वार्थी करार दे दिया। कहा कि मोदी के नोटबंदी के फैसले को देशद्रोही करार देने वाले उद्धव बताएं कि जब केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में नोटबंदी का फैसला मंजूरी के लिए आया तब शिवसेना के मंत्री चुप क्यों थे? राणे ने कहा कि उद्धव धन लेकर पार्टी में उम्मीदवारी देते हैं इसलिए उन्हें भ्रष्टाचार पर बोलने का अधिकार नहीं है। बुलेट ट्रेन के विरोध पर कहा कि उद्धव को विकास समझ में नहीं आता क्योंकि वे केवल विरोध करना जानते हैं। राणे ने कहा कि शिवसेना की दशहरा रैली से शिवसैनिकों को निराशा हाथ लगी है।

### भ्रष्टाचार

भ्रष्टाचार है एक बीमारी, यह है देश से गद्दारी
जिस –किसी ने भी की है, उसकी हुई जग में वाह वाही
यह है मूल्य के व्यापारी, कीमत इसकी सब ने चुकाई
भ्रष्टाचार है एक बीमारी, यह है देश से गद्दारी

मैं आगे तू पीछे, अब है मेरी बारी
सरकार हो या सरकारी कर्मचारी, सभी ने है यह ठानी
भ्रष्टाचार की आग से, है यह दुनिया जलानी
भ्रष्टाचार एक बीमारी, यह देश से गद्दारी

चाहे मंदिर हो या मस्जिद, चाहे कोई हो धर्मस्थल
चाहे शिक्षा हो या, चाहे कोई चिकित्सालय
या चाहे हो कोई अनाथ आश्रम
हर मोड़ पर है भ्रष्टाचार, नहीं है इसको विश्राम

आओ मिलकर प्रण लें सभी
भ्रष्टाचार की इस ज्वाला को मिल कर हमें बुझाना है
जो देश को खोखला बना दे इस प्रथा को मिटाना है
आओ सारे एकजुट हो देश को स्वस्थ बनाना है

भ्रष्टाचार है एक बीमारी, यह है देश से गद्दारी
जिस –किसी ने भी की है उसकी हुई जग मे वाह वाही
यह है मूल्य के व्यापारी, कीमत इसकी सब ने चुकाई
भ्रष्टाचार है एक बीमारी यह है देश से गद्दारी

**- अंजना परमार**
**एस.वी.पी. स्कूल (के.ई.एस.) कांदिवली**

# सिक्युरिटी गार्ड वैन से उतरते ही पांच करोड़ ले उड़ा ड्राइवर

**पुणे।** शुक्रवार रात एटीएम में पैसा जमा करने जा रहा ड्राइवर 4 करोड़ 98 लाख 50 हजार की रकम ले उड़ा। उसे काफी मशक्कत के बाद रकम के साथ शनिवार देर रात कर्नाटक से गिरफ्तार किया गया। पुणे पुलिस और कर्नाटक पुलिस की टीम ने 24 घंटे के भीतर आरोपी को पकड़ा। सिक्युरिटी गार्ड्स कैश वैन से उतरते ही वह वैन लेकर फरार हो गया था। शुक्रवार को सिक्युरर वैल्यु इंडिया कंपनी की बोलेरो से आईसीआईसीआई बैंक के एटीएम्स में रकम जमा करने के लिए ले जा रही थी।

गाड़ी में चार करोड़ 98 लाख 50 हजार की रकम थी। ड्राइवर नारायण खेडेकर और सिक्युरिटी गार्डेस गाड़ी में



सवार थे। जब वे हड़पसर के ससाणेनगर स्थित एटीएम के पास आए तो सिक्युरिटी गार्ड गाड़ी से उतरे उसी टाइम नारायण ने गाड़ी स्टार्ट की और फरार हो गया। सिक्युरिटी गार्ड गाड़ी के पीछे भागते रहे, लेकिन वह रुका नहीं। उन्होंने तुरंत हड़पसर पुलिस से संपर्क किया। पुलिस ने तुरंत शहर में नाकाबंदी शुरू की और रात भर उसे ढूंढते रही, लेकिन वह कर्नाटक पहुंचा गया था। वह कर्नाटक पहुंच गया है इसका पता चलते ही पुलिस की एक एटीएम रवाना हुई और कर्नाटक पुलिस की मदद से उसे शनिवार रात गिरफ्तार किया। उसके पास से पूरी रकम जब्त की है। इस कार्रवाई में 100 से अधिक पुलिस अधिकारी और कर्मचारी जुटे हुए थे।

(पृष्ठ 1 का शेष)

**मनपा वाह?**

हैरत की बात यह है कि इन चारों होटल के मालिक और मैनेजर को किसी अवैध गतिविधियों के कारण मनपा एच/डब्ल्यू और खार पश्चिम पुलिस थाने के अधिकारियों द्वारा तलब किया जाता है और उनसे होटल संबंधित कागजात दिखाये जाने को कहा जाता है तो वे सभी एक ही नाम सम्राट होटल रेस्टोरेंट का लाइसेंस दिखाकर उन्हें गुमराह करते हैं। जबकि सम्राट होटल बहुत पहले ही बंद हो चुका है। इतना ही नहीं, दुलाली, श्री वाइज मंकी, क्वार्टर पीलर और ट्यूनिंग फोर्क इन चारों होटलों ने अपने सामने की खाली पड़ी जमीन और फुटपाथ को भी अपने कब्जे में लेकर उसपर अवैध निर्माण कर लिया है जहां पर उनका शराब का धंधा बिना किसी खौफ के चल रहा है। जबकि दुलाली होटल के उपर बने बेन्क्वेट हॉल को भी इसके मालिक ने शराबखाना में तब्दील कर दिया है। इसके अलावा ट्यूनिंग फोर्क के पहले माले पर अवैध कब्जा करके वहां भी धंधा किया जा रहा है। बंद हो चुके सम्राट होटल का लाइसेंस परमजीत सिंह घई और श्रीमती रतनदीप कौर घई के नाम से है, जिन्होंने अपने एक ही पुराने लाइसेंस पर चार-चार होटल खोल रखे हैं और मनपा, पुलिस और लोगों की आखों में धूल झोंक रहे हैं। मुंबई हलचल ने जब इन होटलों की गहराई में जाकर छानबीन की तो यह बात भी सामने आई की ये चारो होटल मनपा सहायक आयुक्त शरद उघाड़े की शह पर चल रहा है। उनकी विशेष कृपा इन होटलों पर है। जबकि एच/पश्चिम के पानी खाता और वैद्यकीय आरोग्य विभाग को भी इस संबंध में कई बार शिकायतें की गई लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। पढ़ते रहिए इन होटलों की पूरी जानकारी प्रतिदिन एक-एक करके।

**अमेरिका में भीषण गोलीबारी**

वहीं आतंकी संगठन आईएसआईएस ने इस हमले की जिम्मेदारी ली है। आईएसआईएस का दावा है कि स्टीफन पैडॉक ने हाल ही में इस्लाम कुबूल किया था। इसके अलावा पता चला है कि स्टीफन पैडॉक जुआ खेलने का शौकीन था, कई बार ट्रैफिक नियम तोड़ने के आरोप में पकड़ा भी गया था। यही नहीं, हमलावर स्टीफन पैडॉक अपनी गर्लफ्रेंड के साथ रहता था। स्मार्ट फोन से ली गई फुटेज में दिख रहा है कि अंतरराष्ट्रीय समयानुसार सोमवार सुबह पांच बजे चलायी गयीं गोलियों की आवाज आने के बाद लोग चिल्लाने लगे और दहशत में भागने लगे। लास वेगास मेट्रो पुलिस के शेरिफ जोसफ लोमबार्डो ने सोमवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'हम इस वक्त देख रहे हैं कि 50 से ज्यादा व्यक्तियों की मौत हुई है और 200 व्यक्ति जख्मी हुए हैं।' उन्होंने कहा कि जाहिर तौर पर यह दुखद घटना है और इस तरह की है जिसका हमने कभी अनुभव नहीं किया था। पुलिस मामले की जांच कर रही है और लोगों से इलाके से दूर रहने और अफवाहों से बचने को कहा है। पुलिस ने साफ कहा है कि एयरपोर्ट समेत कई जगहों पर और हमलों की अफवाहें फैलाई जा रही हैं इसपर लोग ध्यान न दें। म्यूजिक फेस्टिवल के दौरान इस हमले को अंजाम दिया गया है। पुलिस के दर्जनों वाहन लास वेगास स्ट्रिप पर मौजूद हैं और रूट 91 हार्वेस्ट फेस्टिवल के पास सर्च अभियान चल रहा है। वीडियो फुटेज में दिख रहा है कि फेस्टिवल में हिस्सा ले रहे लोग किस तरह बचने की कोशिश कर रहे हैं। गोलीबारी की आवाजें भी लगातार सुनाई पड़ रही हैं। कंसर्ट में मौजूद लोगों ने बताया कि फायरिंग के शॉट्स मांडले बे होटल एंड कसीनो के ऊपरी फ्लोर से कंट्री म्यूजिकल के चारों तरफ आ रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक यह ऑटोमैटिक बंदूक की आवाज थी। एपी के मुताबिक 26 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यूनिवर्सिटी मेडिकल सेंटर की प्रवक्ता डेनिता कोहेन ने बताया कि 2 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 12 की हालत गंभीर है। प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि कंसर्ट वेन्यू पर गोलियों की बौछार हो रही थी। लोग इधर उधर भाग रहे थे। उनमें से कुछ लोग ट्रोपिकाना होटल-कसीनो के बेसमेंट में छिप गए। घटनास्थल पर पहुंची के कुछ ऑफिसर ने अपनी गाड़ियों के पीछे से निशाना साधा, तो कुछ हथियारों के साथ मांडले बे होटल और कसीनो की तरफ बढ़े। फायरिंग की सूचना के बाद लास वेगास स्ट्रिप और इंटरस्टेट 15 के ज्यादातर हिस्से को बंद करा दिया गया। स्थानीय प्रशासन ने मैकैरेन इंटरनेशनल एयरपोर्ट को आने वाली फ्लाइट्स को डायवर्ट कर दिया है। प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि घटना के वक्त जेसोन एल्डिन परफॉर्म कर रहे थे।









# पुंछ में PAK ने तोड़ा सीजफायर

जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा पर पाकिस्तान की ओर से आज की गई गोलाबारी में दो बच्चों की मौत हो गई और 11 अन्य नागरिक घायल हो गए। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि पाकिस्तानी सेना द्वारा भारतीय चौकियों पर बिना किसी उकसावे के गोलाबारी की है। जिले के कस्बा और केरनी गांवों में गोले गिरे हैं। इस गोलीबारी में इफराज अहमद (9) और शमीर अख्तर (15) की मौत हो गई तथा 11 अन्य नागरिक घायल हो गए।




उन्होंने कहा कि घायलों को जम्मू के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां तीन लोगों की हालत गंभीर है। पाकिस्तानी सेना द्वारा की गयी गोलाबारी का भारतीय सेना ने मुंहतोड़ जवाब दिया। गोलीबारी अब भी जारी है। उप-मुख्यमंत्री निर्मल सिंह ने पाकिस्तान की ओर से गोलीबारी की घटना को कायराना कार्रवाई करार दिया है।

जानकारी के अनुसार पुंछ के केरनी सेक्टर में पाक की ओर से सोमवार सुबह गोलाबारी की गई। पाकिस्तान ने गोलाबारी के दौरान नियंत्रण रेखा के पार से 120 एमएम के मोर्टार दागे गए। इससे पहले 27 सितंबर को जम्मू-कश्मीर के पुंछ और बिंबर सेक्टर में पाकिस्तान ने युद्ध विराम का उल्लंघन किया था। पाकिस्तान ने 6 दिनों के अंदर तीसरी बार सीजफायर का उल्लंघन किया है।

## हिमाचल में 7 अक्टूबर को राहुल की रैली

कांग्रेस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राहुल गांधी की 7 अक्तूबर को होने वाली रैली मंडी के पंडोह मैदान में हो सकती है। दरअसल पड्डल मैदान में काम चलने के कारण सरकार रैली को मंडी के पंडोह मैदान में कराना चाहती है। वहीं इस रैली स्थल को लेकर मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह और पंचायतीराज मंत्री अनिल शर्मा ने करीब एक घंटे तक मीटिंग की। शर्मा ने मुख्यमंत्री को इसकी विस्तृत रिपोर्ट दे दी है।



### सोमवार को राहुल की मंडी रैली को लेकर पहुंच रही सुरक्षा एजेंसियां

सोमवार को राहुल की मंडी रैली को लेकर सुरक्षा एजेंसियां पहुंच रही हैं। वह पंडोह और पड्डल दोनों मैदानों का जायजा लेगी। पंडोह मैदान की गुंजाइश 60 हजार लोगों की है। सूत्रों के मुताबिक 9 मील बीबीएमबी के मैदान में राहुल गांधी का चौपर उतारा जाएगा। यहां से पंडोह मैदान 3 किलोमीटर दूर है। इसलिए राहुल का काफिला गाड़ियों में वहां पहुंचेगा। हालांकि प्रदेश कांग्रेस पार्टी कार्यालय शिमला ने मैदान फाइनल करने को लेकर मंडी से रिपोर्ट मांगी है।

### इसलिए पड्डल मैदान को दो भागों में बांटकर होती है रैली

कांग्रेस का कहना है कि पड्डल मैदान दो भागों में बांटा जाता है। क्योंकि इसमें 1 लाख से ज्यादा लोगों के बैठने की क्षमता है। मैदान के भाग में नेता का चौपर उतारा जाता है और दूसरे में रैली होती है।

लेकिन अब इस पड्डल मैदान का काम चल रहा है जिसके चलते इस रैली स्थल को बदलना पड़ रहा है।

## गुजरात विधानसभा चुनाव दिसंबर में होंगे



भाजपा अध्यक्ष अमित शाह ने गुजरात के पोरबंदर में कहा कि सूबे में विधानसभा चुनाव दिसंबर के पहले हफ्ते में होंगे। हालांकि चुनाव आयोग की तरफ से अब तक चुनावों की तारीखों का ऐलान नहीं किया गया है, लेकिन जो कयास लगाए जा रहे हैं और पहले के हुए चुनावों की जो तारीख रही है उससे साफ है कि अमित शाह जो कह रहे हैं उसी के आसपास चुनाव होंगे। शाह 1 अक्तूबर से 15 तक गुजरात गौरव यात्रा पर हैं। गुजरात में चुनावों को लेकर राजनीतिक माहौल अभी से गर्म है। जहां भाजपा अपनी जीत को बरकरार रखना चाहती है वहीं कांग्रेस इस चक्रव्यू को तोड़ना चाहती है।

पिछले दिनों कांग्रेस उपाध्यक्ष राहुल गांधी भी गुजरात दौरे पर गए थे। उन्होंने जमकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जमकर लताड़ लगाई थी। वहीं आम आदमी पार्टी ने भी गुजरात में चुनावी मुहिम तेज का करने एलान किया है। उल्लेखनीय है कि गुजरात विधानसभा का कार्यकाल 22 जनवरी 2018 तक है और इससे पहले सूबे में नई सरकार का गठन जरूरी है। पिछला चुनाव दो चरणों में 13 और 17 दिसंबर 2012 को हुआ था। 1998 से ही सूबे में भाजपा की सरकार है. अब पार्टी के लिए एक बड़ी चुनौती ये है कि कैसे दोबारा सत्ता हासिल की जाए क्योंकि इस बार भाजपा को पटेल समुदाय के विरोध का भी सामना करना होगा। पटेल समुदाय के विरोध के कारण ही आनंदी बेन पटेल को सीएम की कुर्सी छोड़नी पड़ी थी।

## करवाचौथ पर आपका स्वागत है

करवाचौथ पर अगर आपका कहीं बाहर जाने का प्रोग्राम है तो यहां चले आइए। शिमला हिल्स क्वीन में करवाचौथ मनाने वाले सैलानियों को हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम एचपीटीडीसी खास तोहफा देने वाला है। वह सैलानियों के लिए विशेष पैकेज लांच करने जा रहा है। करवाचौथ पर होटलों में ठहरने वाले सैलानियों को सरगी और पूजा की थाली मुफ्त दी जाएगी। शाम के समय पूजा की थाली में चावल, ड्राई फ्रूट, दूब, फूल, कुमकुम, धूप और दीपक भी मुहैया करवाए जाएंगे। एचपीटीडीसी के महाप्रबंधक विजय शर्मा ने बताया कि करवाचौथ के लिए पर्यटन विकास निगम ने विशेष पैकेज तैयार किया है। अगर कोई सैलानी निगम के होटलों में 2 दिन रूकेगा तो उन्हें तीसरे दिन मुफ्त रूकने का मौका मिलेगा।



### 2 दिन ठहरने पर एक दिन फ्री

करवाचौथ को लेकर निगम के होटलों में तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। होटलों को खासतौर पर सजाया जा रहा है। होटल में ठहरने वाले नवविवाहित जोड़ों का खास स्वागत किया जाएगा और उन्हें व्रत से संबंधित सभी सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी।

### होटलों में 100 फीसदी आक्यूपैंसी

छुट्टियों में हिल्सक्वीन सैलानियों से पैक हो गई है। शहर के होटलों में आक्यूपैंसी सौ फीसदी पहुंच गई है। होटल पैक होने के बाद सैलानियों को कमरे ढूंढने के लिए यहां वहां भटकना पड़ा। हिल्सक्वीन शिमला में एकाएक सैलानियों की आमद बढ़ गई है। बीते करीब तीन महीनों के बाद शहर सैलानियों से गुलजार हो गया है। कुछ लोगों ने छुट्टियों में शिमला आने के लिए एडवांस बुकिंग कर रखी थी जिन्हें रियायती दरों पर कमरे मिल गए जबकि स्पॉट बुकिंग करने वाले टूरिस्टों को महंगी दरों पर कमरे लेने पड़े।

### करवाचौथ पर 40 फीसदी डिस्काउंट में घूमें शिमला

ट्रेवल एजेंट एसोसिएशन ने सैलानियों को करवाचौथ के दिन हिल्सक्वीन के पर्यटन स्थल 40 फीसदी डिस्काउंट पर घुमाने का फैसला लिया है। रेलवे स्टेशन और आईएसबीटी पर नवविवाहित जोड़ों का स्वागत कर उन्हें बिना किसी किराए के होटल तक पहुंचाया जाएगा। रात को शिमला के जाने-माने करवाचौथ प्वाइंट रिज मैदान पर सैलानियों को ले जाया जाएगा, जहां वह चांद देख कर व्रत खोल पाएंगे।

## श्री महाशक्ती चैरिटेबल ट्रस्ट की अष्टमी पूजा संपन्न

श्री महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट की तरफ से दुर्गा महाआरती अष्टमी पूजा समारोह का आयोजन अध्यक्ष रेखा आर. त्रिपाठी, महामंत्री विशाल भगत के सौजन्य से किया गया, जिसमें आयपीएस अफसर किशन प्रकाशजी और राजेश गुप्ता ने किन्नर समाज को मुख्य धारा में आने के लिए आमंत्रित किया और सम्मान दिया। किशन प्रकाश जी ने महाआरती खुद की और खुद आरती गाया।





# राजघाट पर सत्याग्रह पर बैठे अन्ना हजारे


सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे आज गांधी जयंती के मौके पर दिल्ली के राजघाट पर एक दिन के सत्याग्रह पर बैठ गए हैं। हजारे पुणे से दिल्ली पहुंचे और वहां से सीधे महात्मा गांधी की समाधि राजघाट पर बापू को श्रद्धांजलि देने के बाद सत्याग्रह पर बैठे। इस दौरान उन्होंने कहा कि मैं राजघाट पर गांधी जी को नमन करने आया हूं। अन्ना ने कहा कि मैं दुखी नही हूं, दुखी स्वार्थी लोग होते हैं। उन्होंने कहा कि जो लोग अपने वादे भूल गए हैं मैं उनको उनके वादे याद कराने यहां आया हूं। आज महात्मा गांधी की 148वीं जयंती मनाई जा रही है। इस मौके पर देश और दुनिया में कई जगह विभिन्न कार्यक्रम हो रहे हैं।



हजारे ने कहा कि देश महात्मा गांधी के सपने के रास्ते से भटक गया है इसीलिए वे गांधी के जन्मदिन पर एक दिन का सत्याग्रह करेंगे। बता दें कि पिछले दिनों अन्ना हजारे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेटर लिखकर भ्रष्टाचार और किसानों की समस्याओं पर अपनी नाराजगी जाहिर की थी और आंदोलन करने की भी बात कही थी। अन्ना ने मोदी को लिखा था कि उनके आंदोलन के छह साल बाद भी भ्रष्टाचार को रोकने वाले एक भी कानून पर अमल नहीं हो पाया। लोकपाल, लोकायुक्त की नियुक्ति करने वाले और भ्रष्टाचार को रोकने वाले सभी सशक्त बिलों पर सरकार उतनी चुस्ती नहीं दिखा रही है जितनी दिखानी चाहिए और न ही किसानों की समस्याओं को लेकर स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट पर भी अमल किया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि हजारे ने भ्रष्टाचार मुक्त भारत को बनाने के लिए 2011 में रामलीला मैदान में आंदोलन किया था. इसके बाद 27 अगस्त 2011 के दिन भारतीय संसद में Sense of the House' से रिज्युलेशन पास किया गया था इसमें केंद्र में लोकपाल, हर राज्यों में लोकायुक्त और सिटिजन चार्टर ऐसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर जल्द से जल्द कानून बनाने का निर्णय किया गया था। इसके बाद अन्ना हजारे ने अपना आंदोलन स्थगित कर दिया था, इसे लेकर 6 साल गुजर चुके हैं। अन्ना ने कहा कि पिछली केंद्र सरकार ने 2013 में ही लोकपाल विधेयक पारित कर दिया था तब भाजपा नेताओं ने उनका समर्थन किया था लेकिन अब भाजपा सरकार ने 3 साल बाद भी इस कानून को लागू नहीं किया है।

## टेरर फंडिंग केस में NIA को मिले 'पुख्ता सबूत'



टेरर फंडिग केस में एनआईए को आखिरकार हुर्रियत नेताओं के खिलाफ 'पुख्ता सबूत' मिल गए हैं। इन सबूतों के आधार पर अब सैयद अली शाह गिलानी, मीरवाइज उमर फारूक और यासीन मलिक जैसे बड़े अलगाववादी नेताओं पर सुरक्षा एजेंसी का शिकंजा और ज्यादा कड़ा हो जाएगा। बताया जा रहा है कि इस केस के पांच आरोपियों के खिलाफ गवाहों ने सीआरपीसी की धारा 164 के तहत बयान दर्ज कराए हैं जो अदालत में मान्य होते हैं। बयान में गवानों ने बताया कि किस तरह हुर्रियत के टॉप नेताओं ने पाकिस्तान से कश्मीर में आतंक और हिंसा फैलाने के लिए फंड हासिल किया। साथ ही गिरफ्तार किए गए एक शख्स के घर से छापे के दौरान एनआईए को कई ऐसे दस्तावेज मिले हैं जो हवाला के जरिए पाकिस्तान स्थित स्रोतों से हुर्रियत नेताओं तक फंड पहुंचाए जाने की पूरी दास्तांन बयां कर रहे हैं। अब अदालत में ये दस्तावेज हुर्रियत नेताओं को बेनकाब करने के लिए काफी होंगे।

सूत्रों के मुताबिक, इस केस में गिरफ्तार किए गए कुछ अन्य लोगों ने भी मैजिस्ट्रेट के सामने बयान दर्ज कराने की इच्छा जाहिर की है। हालांकि एनआईए उन्हें गवाह बनाए जाने के पक्ष में नहीं, वह उन्हें केस में आरोपी के तौर पर ही देखना चाहती है। वहीं, जानकारों का कहना है कि धारा 164 के तहत दर्ज किए गए बयान और दस्तावेजी सबूतों के आधार पर हुर्रियत के कट्टरपंथी धड़े के नेता सैयद अली शाह गिलानी, नरम माने जाने वाले हुर्रियत चीफ मीरवाइज उमर फारूक और जेकेएलएफ चीफ यासीन मलिक पर शिकंजा कसा जा सकता है।

## चोटी कटने के रहस्य को सुलझाने में लगी है जम्मू कश्मीर सरकार

राज्य में चोटी काटने की वारदातों की बढ़ोत्तरी के बाद जम्मू कश्मीर सरकार गंभीर हो गई है। सरकार इस मसले को हल करने में जुटी हुई है। मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने इस बात का अश्वासन दिया है। उन्होंने कहा, हम पूरी कोशिश कर रहे हैं कि चोटी काटने के पीछे जो भी लोग शामिल हैं, उनका पदार्फाश किया जाए।पत्रकारों से बात करते हुए सीएम महबूबा ने कहा कि पीड़ितों से डाक्टरों की टीम मिल रही है और बात कर रही है। इस बात का रहस्य सुलझाने की पूरी कोशिश की जा रही है।

डल गेट में एक कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों से बात करते हुए महबूबा ने यह कहा। उन्होंने कहा कि अभी तक कोई सुराग नहीं मिला है। सरकार ने इस घटना के पीछे के लोगों के बारे में कोइ भी जानकारी देने वाले के लिए छह लाख का ईनाम भी घोषित किया है। गौरतलब है कि श्रीनगर के बटामलू में रविवार को चोटी काटने की घटना के बाद काफी प्रदर्शन हुआ। एक महिला ने बताया था कि कुछ अज्ञात लोग उसके घर आए और उसके पिता का पता पूछा और उसके बाद बह बेहोश हो गई। जब होश में आई तो उसके बाल कटे हुए थे।

## Air Asia का धमाकेदार ऑफर, मात्र 1299 रुपए में भरें उड़ान

आए दिन एयरलाइंस कंपनियां कोई न कोई ऑफर निकालती ही रहती हैं। इसी बीच एयर एशिया ने भी एक धमाकेदार ऑफर पेश किया है। अगर आप विदेश यात्रा करने का मन बना रहे हैं तो आपके लिए यह ऑफर काफी फायदे का है। एयर एशिया के ऑफर के तहत आपको सिर्फ 1299 रुपए में घरेलू यात्रा और अतंर्राष्ट्रीय यात्रा के लिए 2399 रुपए की शुरूआती कीमत पर उड़ान भरने का मौका मिलेगा।

### कब कराएं बुकिंग

बुकिंग 1 अक्टूबर और 2 अक्टूबर की रात 12 बजे से शुरू होगी और 15 अक्टूबर तक बुकिंग चलेगी। बुकिंग करने वाले यात्री इस ऑफर का फायदा 2 अक्टूबर से 31 मार्च के बीच कभी भी उठा सकते हैं। बुकिंग के लिए जरूरी नहीं है कि काउंटर पर जाकर ही बुकिंग करवाएं। एयर एशिया के



ऐप (जिसे आप गूगल प्ले से डाउनलोड कर सकते हैं) और एयर एशिया के वेबसाइट के जरिए भी टिकट बुकिंग करवा सकते हैं।




अगर आप अपने जन्मदिन पर अपनी तस्वीर प्रकाशित करवाना चाहते हैं तो अपने नाम के साथ अपना फोटे अपने जन्मदिन की तारीख से एक दिन पहले भेंजे। साथ ही कोई अन्य सेलिब्रेशन की तस्वीर हो तो वह भी भेंजे। उसे भी हम प्रकाशित करेंगे।

www.mumbaihalchal@gmail.com
9619102478 - Only Whathaap

## चीन में मनाई गई महात्मा गांधी जयंती



बीजिंग के मध्य में विशाल शाओयांग पार्क में आज महात्मा गांधी की 148वीं जयंती मनाई गई। भारतीय दूतावास के एक सांस्कृतिक दल ने यहां गांधी की दैनिक प्रार्थना में गाया जाने वाला प्रसिद्ध भजन वैष्णन जन सुनाया। एक चीनी विद्यालय के लाल स्कार्फ के साथ हरे और सफेद कपड़े पहने बच्चों के दल ने अपने विद्यालय द्वारा संकलित गांधी के सबसे लोकप्रिय सूत्र वाक्यों का वर्णन किया। गांधी के प्रशंसकों ने यहां पार्क में स्थापित बापू की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित की। चीन के प्रशंसित मूर्तिकार और कलाकार युआन शिकुन ने वर्ष 2005 में यहां पार्क में गांधी की प्रतिमा स्थापित की थी। युआन ने यहां गांधी के अलावा रबींद्रनाथ टैगोर की आवक्ष प्रतिमा भी बनाई थी जिसे पार्क से जुड़े संग्रहालय में प्रदर्शित किया गया है। यहां आज के इस कार्यक्रम में कई भारतीय राजनयिक, चीन में गांधी के प्रसंशक और वहां रह रहे भारतीय शामिल हुए। यहां भारतीय दूतावास संबंधी मामलों के प्रभारी बी विल्सन बाबू ने यहां अपने संबोधन में कहा कि गांधी की अहिंसा के लिए वकालत ने उपनिवेशवाद को खत्म किया।

## FB Profile Update

अगर आप भी अपनी फेसबुक प्रोफाईल तस्वीर प्रकाशित करवाना चाहते हैं तो अपनी तस्वीर अपने नाम के साथ हमें भेजे। उसके साथ कुछ संदेश भी लिखा हो।

www.mumbaihalchal@gmail.com
9619102478 - Only Whathaap










मानवता से आपका विश्वास कभी नहीं डिगना चाहिए, क्योंकि मानवता का रूप सागर जैसा विशाल है। अगर सागर की कुछ बूंदें गंदी होती हैं, तो इससे पूरा सागर तो गंदा नहीं हो जाता...
- राहुल चौधरी

# गौरी लंकेश के मर्डर पर पीएम की चुप्पी बनी रही तो अवॉर्ड लौटा दूंगा: प्रकाश राज

**बेंगलुरु।** कन्नड़ जर्नलिस्ट गौरी लंकेश के मर्डर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुप्पी को लेकर एक्टर प्रकाश राज ने उन्हें आड़े हाथों लिया। लेफ्ट के सपोर्ट वाले एक प्रोग्राम में रविवार को एक्टर ने कहा कि पीएम के फॉलोअर्स सोशल मीडिया में जर्नलिस्ट के मर्डर पर जश्न मना रहे हैं। इस पर मोदी चुप्पी साधे हुए हैं, क्या वो एक एक्टर की तरह उन्हें खुश करने की कोशिश कर रहे हैं। वो मुझसे भी बड़े एक्टर हैं।अगर उन्होंने चुप्पी नहीं तोड़ी तो मैं अवॉर्ड लौटा दूंगा। बता दें कि 5 सितंबर की रात गौरी की बेंगलुरू में उनके घर पर गोली मारकर हत्या कर दी गई। प्रकाश राज ने डेमोक्रेटिक यूथ फेरडेशन के प्रोग्राम में कहा, "जिन लोगों ने लौरी लंकेश की हत्या की वो पकड़े गए या नहीं, ये अलग मुद्दा है। लेकिन देश में हजारों लोग ऐसे भी हैं, जो सोशल मीडिया में इसका जश्न मना रहे हैं।" "हम सभी अच्छी तरह से जानते हैं कि ये कौन लोग हैं और क्या इनकी विचारधारा रही है? मौत की खुशी मनाने वालों में कुछऐसे भी हैं, जिन्हें और कोई नहीं, हमारे पीएम मोदी फॉलो करते हैं। यहीं बात आज मुझे सबसे ज्यादा परेशान करती है। हमारा देश किस ओर बढ़ रहा है?"



## नेशनल अवॉर्ड लौटाने में कोई परेशानी नहीं: एक्टर

प्रकाश राज ने आगे कहा, "प्रधानमंत्री अपने फॉलोअर्स के रिएक्शन पर चुप हैं। इससे क्या साबित करना चाहते हैं। क्या वो मुझसे बड़े एक्टर बनने की कोशिश कर रहे हैं? उनकी खामोशी मुझे परेशान करती है। क्या वे अपने फॉलोअर्स की क्रूरता को बढ़ावा देने की कोशिश कर रहे हैं? अगर क्रूरता को लेकर नरेंद्र मोदी की खामोशी यूं ही बनी रही तो मुझे अपने 5 नेशनल अवॉर्ड्स उन्हें लौटाने में कोई परेशानी नहीं होगी।" बता दें कि प्रकाश राज साउथ के साथ बॉलीवुड की कई सुपरहिट फिल्मों में विलेन के रोल में लोगों के बीच पहचान बना चुके हैं। उन्होंने सिंघम, वॉन्टेड जैसी फिल्मों में काम किया है।

## कौन थीं गौरी लंकेश?

गौरी वीकली टैबलॉइड गौरी लंकेश पत्रिके की एडिटर थीं। यह टैबलॉइड एडवर्टिजमेंट नहीं छापता था। इसे 50 लोगों का ग्रुप चलाता था। इस टैबलॉइड के जरिए गौरी लगातार कम्युनल पॉलिटिक्स और कास्ट सिस्टम के खिलाफ लिखती थीं। वे राइट विंग और हिंदुत्व पॉलिटिक्स की भी विरोधी थीं। गौरी के पिता पी. लंकेश अवॉर्ड विनर फिल्ममेकर, कवि और जर्नलिस्ट थे। उन्होंने 1980 में लंकेश पत्रिके शुरू की थी। गौरी के परिवार में बहन कविता, भाई इंद्रेश और मां हैं। कविता नेशनल फिल्म अवॉर्ड विनर हैं।

## चौथी बार टूटा बागमती का तटबंध, कई इलाकों में घुसा पानी

**मुजफ्फरपुर।** सीतामढ़ी के रून्नीसैदपुर के पास बागमती नदी का तटबंध चौथी बार टूट गया। नदी के जलस्तर में ढाई मीटर की अप्रत्याशित वृद्धि होने से एक बार फिर बागमती नदी ने 14 अगस्त के रिकॉर्ड जलस्तर को छू लिया। इब्राहिमपुर में तटबंध टूटने के बाद देर शाम से रून्नीसैदपुर व औराई प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में बाढ़ का पानी घुसने लगा है। सोमवार सुबह बाढ़ की स्थिति गंभीर बनी हुई है।

बागमती प्रमंडल के रून्नीसैदपुर के कार्यपालक अभियंता ने डीएम को बाढ़ की सूचना देकर अलर्ट कराया है। कार्यपालक अभियंता की मानें तो नेपाल के करमहिया में बराज से पानी छोड़े जाने से सुबह छह बजे के बाद बागमती के जलस्तर में अचानक वृद्धि होने लगी। दोपहर 12 बजे से शाम तीन बजे तक चंदौली के पास बागमती का जलस्तर ढाई मीटर बढ़ गया। इससे इब्राहिमपुर के पास बना तटबंध पानी की तेज धार में बह गया। लगातार चौथी बार तटबंध टूटने से अफरा-तफरी मच गई है। कई गांवों में नदी का पानी घुस गया है।

तटबंध टूटने से खरका, इब्राहिमपुर, अथरी, रैनविशुन, रून्नी, रक्सिया समेत दर्जनभर गांवों में बाढ़ का पानी प्रवेश कर गया है। वहीं देर रात से औराई के धरहरबा पंचायत में भी बाढ़ का पानी प्रवेश करने लगा। बाढ़ के कारण लोगों ने तटबंध और ऊंचे स्थानों पर शरण ले रखा है। इससे पहले तीन बार टूट चुके बांध की मरम्मत कराई गई थी। सीओ, थानाध्यक्ष, कार्यपालक अभियंता समेत कई अधिकारी तटबंध पर कैंप किए हुए हैं।

# पेंशन तक छीन लेती है योगी आदित्यनाथ सरकार :अखिलेश

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष तथा पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार पर बेहद गंभीर आरोप लगाया है। अखिलेश यादव मोहनलालगंज के खुजौली में दंगल महोत्सव में मुख्य अतिथि थे। इस दौरान उन्होंने सभा को भी संबोधित किया। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने प्रतिभागियों को सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने भाजपा पर निशाना साधा। अखिलेश ने कहा कि सपा ने हमेशा से पहलवानों का सम्मान किया है। नेता जी भी पहलवान थे। उन्होंने कहा कि खेल, फौज और फिल्म के क्षेत्र में अहम योगदान देने वालों को यश भारती सम्मान दिया। 50 हजार रुपये प्रति माह पेंशन भी दी, लेकिन नई सरकार ने पेंशन छीन ली। अखिलेश ने कहा कि भाजपा झूठ बोलने वालों की सरकार है। कर्ज माफ कर देने की बात कही थी, लेकिन किसी किसान का कर्ज माफ नहीं हुआ। बीते छह माह में कोई काम नहीं हुआ। बस जांच हो रही है। उन्होंने व्यंग किया कि आपके कार्यों की कभी न कभी जांच होगी। बोले, हमने गोमती साफ की, बीजेपी ने गंगा मईया की कसम खाई थी। बताएं कितनी साफ हुई गंगा। गोरखपुर के बीआरडी अस्पताल में बच्चों की मौत पर कहा कि एक मंत्री ने बोला था कि अगस्त में बच्चों की मौत होती है। अब चुनाव होने जा रहे हैं वहां की जनता देगी।



**बीजेपी के नेताओं की है बाबा संग फोटो:** हरियाणा में राम रहीम के पकड़े जाने पर अखिलेश ने चुटकी ली और कहा कि आजकल बहुत बाबा पकड़े जा रहे हैं। बीजेपी के हर नेता के साथ बाबा की फोटो है। अभी तो और बाबा पकड़े जाएंगे। उन्होंने कहा कि हम गाय पालने वाले हैं और लोग हम पर ही आरोप लगा रहे हैं। भाजपा सरकार में समाजवादी पेंशन रोक दी गई, शिक्षा मित्र निकाल दिए गए और रोजगार सेवकों ने लाठी खाई।

**नोट बंदी में अमीरों का नुकसान नहीं:** अखिलेश ने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री ने लोगों को 15 लाख रुपये देने का वादा किया था, लेकिन अब तक भी व्यक्ति के खाते में रुपये नही आए। नोट बंदी से अमीरों का कोई नुकसान नहीं हुआ। चुटकी लेते हुए कहा कि अब तो डबल इंजन की सरकार है। साइकिल से अच्छा कोई साधन नहीं है। हमारे साथ चलिए और रफ्तार बढ़ाईए।

# आयकर विभाग ने ढूंढ़े नोटबंदी के 300 काले कारोबारी

**लखनऊ।** दस की लाठी एक का बोझ...। छोटे बच्चे तो किताबों में यह कहावत पढ़कर सहयोग की भावना सीखते होंगे लेकिन, काले धन के बड़े कारोबारियों ने अर्थ का अनर्थ करते हुए कहावत ही उलट दी। उन्होंने अपनी दस लाठियां काड्डपरदों में ऐसी सफाई से बांट दी कि न वे पकड़ में आए न लाठियां। काले कारोबारियों में से कुछ ने लेटरबॉक्स और शेल (फर्जी) कंपनियों में काला धन बांट कर ठिकाने लगा दिया तो कुछ ने इसी काम का तरीका बदल कर अपने कर्मचारियों में काला धन बांट कर बैंकों तक पहुंचा दिया। अब लगभग एक साल बाद आयकर विभाग ने प्रदेश के ऐसे करीब 300 कारोबारियों की सूची तैयार कर ली है। पिछली दीपावली आप भूले नहीं होंगे, जब पर्व के एक हफ्ते बाद ही अचानक नोटबंदी लागू कर दी गई थी। 31 दिसंबर तक पुराने नोट जमा करने की मोहलत के दौरान बैंकों के बाहर लगी लंबी कतारें और काला धन ठिकाने लगाने की कोशिशें भी आपको याद होंगी। जेहन में कहीं यह भी ताजा होगा कि आयकर विभाग तब सिर्फ कुछ ऐसे ही मामले पकड़ पाया था, जिसमें रियल इस्टेट या महंगी गाड़ियों में काला धन खपाने की कोशिशें की गई थीं, जबकि लेटरबॉक्स व शेल कंपनियां तब आयकर की पकड़ से बाहर रह गई थीं। कर्मचारियों के व्यक्तिगत खातों में जमा हो रहे कारोबारियों के काले धन को पहचान पाना भी तब आयकर के लिए संभव नहीं हो पाया था। यही वजह रही कि नोटबंदी के दौरान जिस काले धन के स्वतः खत्म होने की उम्मीद थी, वह बैंकों में पहुंच गया और पकड़ में भी नहीं आया। अब एक साल की मेहनत, दाखिल हुए आयकर रिटर्न और बैंक खातों के विवरण के मिलान से आयकर की जांच शाखा ने प्रदेश के ऐसे करीब 300 बड़े कारोबारी चिह्नित कर लिए हैं, जिन्होंने अरबों रुपये का काला धन कई तरकीबों से बैंकों में पहुंचाया और फिर निकाल कर उसे नए नोटों में बदल कर छिपा लिया। आयकर के उपनिदेशक जांच जयनाथ वर्मा बताते हैं कि आगरा में जिन खाद्य तेल कारोबारियों के यहां से 101 करोड़ रुपये का काला धन बरामद हुआ है, उनका नाम भी इस सूची में शामिल था। वर्मा बताते हैं कि महानिदेशक आयकर जांच आशू जैन और प्रधान आयकर निदेशक असीम कुमार से निर्देश मिलने के साथ ही इस सूची पर काम शुरू हो गया है।



**लखनऊ सहित कई जिलों में पड़ेंगे छापे**

आयकर विभाग एक साल में औसतन 150 छापे या सर्च की कार्रवाई करता है। अधिकारियों ने बताया कि अब यह कार्रवाई नोटबंदी के काले कारोबारियों पर की जानी है। इसके लिए जिन कारोबारियों को चिन्हित किया गया है, उन्हें नोटिस भेज कर जबाव तलब किया जा रहा है।

# जज्बा! 98 साल की उम्र में राज कुमार ने किया एमए पास

पटना के नालंदा ओपन यूनिवर्सिटी से सेकेंड डिविजन में इकोनॉमिक्स में राजकुमार ने एमए पास किया है। उन्होंने कहा कि फाइनली मैंने अपना सपना पूरा कर लिया। अब मैं पोस्ट ग्रेजुएट हूं। दो साल पहले अपनी ढलती उम्र के बावजूद उन्होंने एमए करने का निश्चय किया और अब पास होकर साबित कर दिया कि कोई ठान ले तो कुछ भी हासिल कर सकता है। इसके लिए वे अपने आपको नजीर की तरह पेश करते हैं।

**खुद पर विश्वास हो तो मौका हर वक्त**

युवाओं के लिए उनका कहना है कि कभी भी निराश नहीं होना चाहिए। खुद पर विश्वास हो तो हर वक्त अवसर सामने रहता है। खुद पर भरोसा करें और मौके को भुनाएं। हालांकि वे इस बात को स्वीकार



करते हैं कि इस उम्र में एक छात्र की तरह दिनचर्या का पालन उनके लिए काफी मुश्किल भरा रहा। सुबह उठकर परीक्षा की तैयारी करना काफी कठिन काम रहा।

**नाती-पोते की उम्र के बच्चों के साथ दी परीक्षा**

नालंदा ओपन यूनिवर्सिटी के अधिकारियों के अनुसार एमए प्रथम वर्ष 2016 और द्वितीय वर्ष 2017 की परीक्षा के दौरान वे पूरे तीन घंटे अपने नाती-पोते की उम्र से भी कम उम्र के छात्रों के साथ परीक्षा कक्ष में बैठ कर पेपर दिया। उन्होंने अंग्रेजी माध्यम में परीक्षा और प्रत्येक्ष एग्जाम में तकरीबन दो दर्जन कापियां लिखीं।

**लिमका बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज**

इस साल की शुरूआत में लिमका बुक ऑफ रिकॉर्ड में उनका नाम दर्ज किया गया। वे सबसे ज्यादा उम्र में एमए की डिग्री के लिए अप्लाई करने वाले बन गए हैं। 2015 में उन्होंने इस कोर्स में एडमिशन लिया था। अब उनका पीएचडी करने का कोई प्लान नहीं है।



# दिन में दो बार नजर आने के बाद 13 फीट नीचे चली जाती है यह सड़क

दुनियाभर में घूमने के लिए बहुत सी अजीबोंगरीब जगहें है लेकिन आज हम आपको दिन में दो बार ही नजर आने वाली अद्भुत सड़क के बारे में बताने जा रहें है। समुद्र के बाच में बनी इस सड़क को देखने के लिए हर साल भारी मात्रा में टूरिस्ट आते है। इस सड़क पर से जाना टूरिस्टों के लिए किसी एंडवेंचर से कम नहीं है। आइए जानते है इस सड़क के बारे में कुछ ओर इंटरस्टिंग बातें। 'पैसेज डु गोइस' कही जाने वाली फ्रांस में बनी ये सड़क मेनलैंड को नोइरमौटीयर को जोड़ती है। दिन में दो बार नजर आने के बाद यह सड़क 13 फीट नीचे चली जाती है। दिखने में खुबसूरत लगने वाली यह सड़क असल में बेहद खतरनाक है। टूरिस्ट इस पर गाड़ी चला कर एंडवेंचर का मजा लेते है। टूरिस्टों के लिए यहां पर स्पेलश पैनल्स बनाए गए है ताकि उन्हें पता चल सकें कि इस पर से कब गुजरना है और कब नहीं। 1701 में खोजी गई यह सड़क पर 1.3 , 4 मीटर पानी की गहराई में चली जाती है। इसकी खोज के बाद यहां पर पक्की सड़क का निर्माण किया गया। पक्की सड़क बनने के बाद इसके उपर से गाड़ी और घोड़ों ने आना जाना शुरू कर दिया। 4.5 कि.मी लंबी इस सड़क पर कई कार रेस भी आयोजित की गई। जिसमें दूर-दूर से लोगों मे हिस्सा लिया। टूरिस्ट यहां पर आकर किनारे से इस सड़क को डुबते हुए देखने का मजा लेते है।

# दुनिया की 6 सबसे ऊंची और खुबसूरत पहाड़ियां



दुनियाभर में बहुत सी ऊंची-ऊंची चोटिया है। जिस तरह भारत में नंदा, कंचनजंघा और अन्नपूर्णा जैसी उंची चोटिया उसी तरह दुनिया के ऐसे कई देशों में सबसे लंबे पहाड़ है। आज हम आपको दुनिया के टॉप 8 लिस्ट में शामिल ऐसे ही कुछ पहाड़ो के बारे में बताने जा रहें है।

**1. माउंट एवरेस्ट**

दुनिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट नेपाल में है। 8,848 मी. ऊंची यह चोटी सगरमाथा भी रहा जाता है। सबसे ऊंची चोटी की लिस्ट में इसका पहला स्थान है।

**2. धौलागिरी**

नेपाल में ही मौजूद यह पहाड़ हमेशा बर्फ से ढका रहता है। 8,167 मी. लंबी इस पहाड़ी की चड़ाई बाहद खतरनाक मानी जाती है।

**3. कंचनजंघा**

कश्मीर की कंचनजंघा 2 को विश्व की दूसरी लंबी चोटी घोषित किया गया है। 8,611 मी. ऊंची इस पहाड़ा का नजारा बेहद खुबसूरत है।

**4. मकालू**

माउंट एवरेस्ट से 19 कि.मी. दूर मकालू चोटी 8,485 मीटर ऊंची है। चीन में मौजूद इस चोटी पर हमेशा बर्फ जमी रहती है।

**5. ल्होत्से**

नेपाल, तिब्बत और चीन की सीमा में मौजूद यह चोटी माउंट एवरेस्ट से थोड़ी दूर पर है। 8,516 मी. ऊंची यह चोटी कंचनजंघा की तरह ही खुबसूरत है।

**6. अन्नपूर्णा**

माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई करने वाले सबसे पहले इस चोटी पर आकर अभ्यास करते है। 8,091 मी. ऊंची यह चोटी काफी हद तक यह चोटी माउंच एवरेस्ट की तरह ही है।

## मुंबई हलचल राशिफल

आचार्य परमानंद शास्त्री

**मेष**
बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा लाभदायक रहेगी। वाणी पर नियंत्रण रखें। शत्रु परास्त होंगे। व्यर्थ के विवादों से दूर रहें।

**सिंह**
उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। राजकीय बाधा दूर होगी। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। धन प्राप्ति सुगम होगी। व्यापार में नवीन योजनाओं का शुभारंभ होगा।

**धनु**
प्रयास सफल रहेंगे। प्रतिष्ठा वृद्धि होगी। लाभ में वृद्धि होगी। दुर्घटना संभव है। परिवार में सुख-समृद्धि बढ़ेगी। यात्रा सफल रहेगी।

**वृष**
संतान पक्ष की चिंता रहेगी। नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। लाभ होगा।

**कन्या**
यात्रा सफल रहेगी। नेत्रों में चोट लग सकती है। भूमि व भवन संबंधी कार्य बनेंगे। रोजगार प्राप्ति होगी।

**मकर**
शुभ समाचार मिलेंगे। सम्मान बना रहेगा। घर-बाहर अशांति हो सकती है। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**मिथुन**
पूजा-पाठ में मन लगेगा। कोर्ट व कचहरी के कार्य निबटेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रतिद्वंद्वी सक्रिय रहेंगे। सोचा हुआ कार्य वक्त पर होने से हर्ष रहेगा।

**तुला**
विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। शारीरिक कष्ट संभव है। लाभ होगा। कार्य वक्त पर होने से हर्ष रहेगा।

**कुंभ**
भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। नवीन कार्य की योजना के अवसर प्राप्त होंगे।

**कर्क**
घर-बाहर अशांति रहेगी। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। विवाद से बचें। वस्तुएं संभालकर रखें। आवेश पर नियंत्रण रखें।

**वृश्चिक**
पुराना रोग उभर सकता है। लेन-देन में सावधानी रखें। भागदौड़ रहेगी। विवाद न करें। बुरी सूचना मिलेगी। गुप्त शत्रुओं से सतर्क रहें।

**मीन**
चोट व दुर्घटना से बचें। व्ययवृद्धि होगी। कुसंगति से हानि होगी। विवाद को बढ़ावा न दें। व्यापारिक गोपनीयता बनाए रखें।

# दुनिया की 6 रंग-बिरंगी बिल्डिंग खूबसूरती भी नहीं कुछ कम

दुनियाभर की बहुत सी खुबसूरत बिल्डिंग अपनी अलग-अलग खासियतों के लिए जानी जाती है। आजकल के टाइम में आर्किटेक्ट कुछ न कुछ नया करने की कोशिश करते रहते है। आज हम आपको ऐसी ही कुछ खुबसूरत बिल्डिंग के बारे में बताने जा रहें है। देश विदेश में स्थित इन रंग-बिरंगी और खुबसूरत बिल्डिंग को देखकर आप भी दंग रह जाएंगे।



**1. जयपुर, मोती शंस बिल्डिंग**

हार्फ लीफ के आकार में बना यह टॉवर रात के समय और भी ज्यादा खुबसूरत लगता है।

**2. पटाया बिल्डिंग. थाईलैंड**

इस खुबसूरत रंग-बिरंगे घर में भला कौन नहीं रहना चाहेगा। इस बिल्डिंग में छोटे-छोटे कमरे बनाए गए है।

**3. इटली, बुरानो**

पानी के उपर बने इन इटली के इन कलरफुल घरों के बारे में आपका क्या ख्याल है। यहां पर आप बोट में पूरे शहर घूम सकते है।

**4. कोलकाता, कटक**

कोलकता के इस कॉलेज में पढ़ने के बारे में आपका क्या ख्याल है। यह इंस्टीट्यूट सिर्फ बाहर से ही नहीं बल्कि अंदर से भी बहुत खुबसूरत है।

**5. सिएटल, ईएमपी म्यूजियम**

इस खुबसूरत म्यूजियम को देखने के लिए टूरिस्ट दूर-दूर से आते है। यह म्यूजियम बाहर से ही नहीं बल्कि अंदर से भी बेहद खुबसूरत है।

**6. प्रेम टेम्पल, वृन्दावन**

वृन्दावन के इस खुबसूरत मंदिर के चर्चे तो दुनियाभर में हो रहें है। जन्माष्टमी के अवसर यह मंदिर स्वर्ग से कम नहीं होता। रात के समय इस मंदिर को आप हर दिन अलग-अलग कलर में देख सकते है।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# 2 चम्मच नमक से पाएं ऑयली बालों और फटी एड़ियों से छुटकारा

नमक का इस्तेमाल हर घर में किया जाता है। इससे खाने का स्वाद तो बढ़ता ही है साथ में नमक सेहत के लिए भी बहुत फायदेमंद होता है। नमक के पानी से नहाने से शरीर कई बीमारियों से दूर रहता है इसके साथ ही यह बालों और त्वचा के लिए भी बहुत फायदेमंद है। आइए जानिए इसके फायदे और इस्तेमाल के बारे में

**1. ऑयली बाल**

कुछ महिलाओं के बाल बहुत जल्दी ऑयली हो जाते हैं। जिस वजह से उन्हें हर दूसरे दिन शैम्पू करना पड़ता है। ऐसे में नमक का इस्तेमाल करके बालों से एक्सट्रा ऑयल निकाल सकते हैं। इसके लिए अपनी शैम्पू की बोतल में 2-3 चम्मच नमक डाल लें और फिर हमेशा इससे बाल धोएं। इससे बालों का चिपचिपापन दूर हो जाएगा।

**2. त्वचा निखारे**

इसके लिए आधे कप नारियल तेल में 2 चम्मच नमक डालें और अच्छे से मिला लें। अब इसे चेहरे और शरीर पर स्क्रब की तरह इस्तेमाल करें जिससे डेड स्किन निकल जाएगी और निखार भी आएगा। इसके लिए आप साधारण नमक की जगह सेंधा नमक का भी इस्तेमाल कर सकते हैं।

**3. फटी एड़ियां**



मौसम बदलने के साथ ही पैरों की एड़ियां फटने लगती हैं जिससे पैरों की सुंदरता खराब हो जाती है। ऐसे में ऑलिव ऑयल में नमक डालकर मिक्सचर तैयार करें और इसे एड़ियों पर लगाएं। हफ्ते में 2-3 बार इसका इस्तेमाल करने से एड़ियां मुलायम हो जाएंगी।

# हाथों की झुर्रियों को मिनटों में करें दूर



लड़कियां अक्सर यह समझती हैं कि खूबसूरती चेहरे और बालों से होती है। ग्लोइंग स्किन और चमकदार,सॉफ्ट शाइनी बाल हर किसी का ध्यान अपनी ओर खींचते हैं लेकिन अगर हाथ खराब हो तो आपकी पर्सनैलिटी पर भी बहुत फर्क पड़ता है। हाथों में बहुत कम फैट होता है। कई बार साबुन या डिशवॉशर से यह खुरदरे होने लगते हैं। यह बात भी सच है कि सिर्फ चेहरे पर ही नहीं बल्कि हाथों पर भी झुर्रिया पड़ने लगती है। इनको खास केयर की जरूरत होती है। दिन में सिर्फ 15 मिनट हाथों की देखभाल करने से यह सॉफ्ट और मुलायम हो जाएंगे।

**अंड़ा**

झुर्रिया दूर करने के लिए अंडा बैस्ट है। अंडे के सफेद भाग में 1 चम्मच शहद मिलाकर पैक तैयार कर लें और ब्रश की मदद से इसे हाथों पर लगाएं। 15 मिनट बाद सॉफ्ट ब्रश से साफ करते हुए हाथों को धो लें। इसके बाद इन पर मॉइश्चराइजर लगाएं। इससे हाथ कोमल और मुलायम हो जाएंगे। आप इसका इस्तेमाल हफ्ते में 3 बार कर सकते हैं।

**आलू**

एक मध्यम आकार के आलू को भून कर मसल लें। इसमें 2 टीस्पून जैतून का तेल, 2 टीस्पून शहद और थोडा सा दूध मिलाकर पैक तैयार करें और हाथों पर लगाएं। 15 मिनट बार पानी से हाथ धो लें। आप इसका इस्तेमाल हफ्ते में 2-3 बार कर सकते हैं।



# मस्सों से आप भी परेशान हैं, तो बड़े काम आएंगे असरदार उपचार

वाट्र्स(हं१३२) यानी मस्सा, चेहरे पर एक से ज्यादा दिखाई देने लगे तो खूबसूरती कम लगने लगती है। यह ह्यूमन पैपिलोमा वायरस द्वारा होने वाला चर्म रोग है, जो किसी-किसी फैलने भी लग जाते है। वैसे तो वाट्र्स कई प्रकार के होते है जैसे आम मस्सा, विमान मस्सा, तल का मस्सा और फिल्नार्ड मस्सा। यह शरीर के किसी भी हिस्से में हो सकते है Iइनसे छुटकारा पाने के लिए लोग न जाने क्या कुछ नहीं करते। तरह-तरह के ट्रीटमेंट की सहारा लेते है लेकिन यह त्वचा से जाने का नाम ही नहीं लेते है। अगर आप भी वाट्र्स यानी मस्सों से परेशान है तो इन घरेलू तरीकों को आजमा कर देंखे।

**टी ट्री ऑयल**

टी ट्री ऑयल में एंटी वायरल गुण होते हैं जो की संक्रमण को खत्म करते हैं। इस तेल में थोड़ी से एलो वेरा जैल मिलकर मिक्स कर लें। फिर इसे दिन में 4-5 बार मस्से पर लगाएं। इससी मस्सा धीरे-दीरे झड़ने लगेगा।

**अजवायन का तेल**

ऐसा कहा जाता है कि यह तेल मस्से को जलाने में काफी सक्षम है। अजवायन की पत्तियों में आवश्यक तत्व कारवाकोल मौजूद है, जिसमें एंटीवायरल गुण मौजूद है। यह तत्व मस्सों को सूखा देता है।

**अदरक का तेल**

इतने सारे लोग अदरक के तेल पर भरोसा करते हैं। अपने एंटीवायरल गुणों के भरपूर यह तेल मस्सों से सुखाने में काफी कारगर है।

**बेकिंग सोडा**

बेकिंग सोडा में भी वायरल इंफैक्शन से लड़ने वालो गुण मौजूद होते है और मस्सा हटाने में कारगर साबित होता है। वेकिंग सोडे में सिरका मिलाएं और पेस्ट तैयार करें। इस पेस्ट को सुबह-शाम मस्से पर लगाएं। इससे मस्सा कुछ ही दिनों में गायब हो जाएगा।

**सेब का सिरका**

सेब के सिरके में पानी का मिलाए और इस पेस्ट को मस्से पर लगाकर किसी कपड़े से ढक दें। ऐसा रोजाना कुछ दिनों तक करने से आपका मस्सा आपकी त्वचा से अलग हो जाएगा।

# महीने में घटाएं 10 किलो वजन

बढ़ता वजन आज हर किसी की समस्या बनी हुई है। इससे छुटकारा पाने के लिए लोग घंटों जिम में वर्कआउट करते है और डाइटिंग पर रहते है लेकिन फिर भी वजन कम होने का नामं नहीं लेता है। माना कि एक्सरसाइज करना काफी जरूरी है लेकिन अपने मोटापे को कम करने के लिए खाना-पीना छोड़ देना भी सहीं नहीं है। अगर आप अपने मोटापे को कम करने के लिए हर मुमकिन कोशिश कर चुकी है लेकिन सफलता हाथ नहीं लग रही तो थोड़ा अपनी डाइट पर ध्यान दें। अपनी डाइट में विटामिन, मिनरल, फाइबर और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर खाद्य पदार्थो को शामिल करें। इस-के अलावा अपने लाइफस्टाइल में छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखें, जिससे आप अपने आपको फिट और स्लिम रख सकते है। आज हम आपको कुछ टिप्स बताएंगे , जिनको फॉलो करके आप 1 महीने में 10 किलो वजन घटा सकते है।



**मॉर्निंग वेट लॉस डिटॉक्स ड्रिंक**

डिटॉक्स ड्रिंक शरीर में मौजूद विषाक्त पदार्थो और अतिरिक्त सोडियम को भी कम करता है। मेटाबॉलिज्म को बढ़ा देता है और शरीर में मौजूद अत्यधिक कैलोरी को भी बर्न कर देता है। इसलिए सुबह डिटॉक्स ड्रिंक पिएं। आप चाहें तो लेमन डिटॉक्स ड्रिंक, कमिन डिटॉक्स ड्रिंक, कुकुंबर डिटॉक्स ड्रिंक का चुनाव कर सकते है।

**एप्पल साइडर वीनेगर डिटॉक्स ड्रिंक**

इसको बनाने के लिए 1 चम्मच सेब के सिरके में 1/2 चम्मच काली मिर्च और गर्म पानी मिलाएं। फिर इसका सेवन करें। इससे भी आपको मोटापा कम होगा।

**सुबह के नाश्ते में याद रखें ये बातें**

सुबह के नाश्ते में कम से कम 250 कैलोरी का सेवन करें। नाश्ते में दलिया को 1/2 कप गर्म दूध में मिलाकर खाएं। अंडे और ग्रीन टी को भी नाश्ते में शामिल करें। कॉर्न फ्लेक्स को 1/2 कप दूध और ड्राई फ्रूट्स के साथ मिलाकर खाने से भी वजन कम होता है।

**दोपहर के खाने में जरूरी ये बातें**

दोपहर को खाने में 300 से कम कैलोरी का सेवन करें। ग्रील्ड साल्मन को चावल के साथ खाने भूख कम होती है। रोटी और सब्जी का सेवन जरूर करें। दोपहर के खाने से ब्राउन चावल, दाल और सलाद शामिल करें क्योंकि यह वजन कम करने में सहायक है।

**शाम का नाश्ता कैसा हो**

नींबू की चाय में 5 कैलोरी होती है जो बढ़ते वजन को कंट्रोल में रखती है। इसके अलावा आप बादाम,अखरो का सेवन भी कर सकती है जो आपकी भूख को कम करने में मदद करता है। संतरे का जूस पिए क्योंकि इसमें 90 कैलोरी होती है।

# टीम इंडिया में इन खिलाड़ियों की एंट्री हुई मुश्किल



## यो-यो टेस्ट में फिर हुए फेल

**नई दिल्ली।** टीम इंडिया से बाहर चल रहे बाएं हाथ के बल्लेबाज सुरेश रैना और लेग स्पिनर अमित मिश्रा की वापसी एक बार फिर मुश्किल नजर आ रही है। दोनों खिलाड़ी टीम इंडिया-ए के चयन के लिए हुए फिटनेस टेस्ट में फेल हो गए। राष्ट्रीय टीम में चयन के लिए दोनों खिलाड़ियों को एक बार फिर से फिटनेस टेस्ट से हो सकता है जहां दोनों की किस्मत एक बार फिर दांव होगी। वहीं तमिलनाडु के ऑल-राउंडर वॉशिंगटन सुंदर फिटनेस की समस्या से जूझ रहे हैं। उनकी फिटनेस को लेकर भी टेस्ट में कुछ संदिग्ध स्थिति बनी हुई है। मिश्रा और सुरेश रैना दोनों ही टीम इंडिया से अपने फॉर्म और फिटनेस की वजह से बाहर हैं। नैशनल टीम का फिटनेस को लेकर पिछले कुछ सालों से स्तर उठा हुआ है। अब इस बात पर भी ध्यान दिया जाता है कि बेंच स्ट्रेंथ में भी उन भारतीय खिलाड़ियों को शामिल किया जाए जिनकी फिटनेस उच्च स्तर की हो। खबर के मुताबिक चयनकर्ता तैयार थे कि न्यूजीलैंड 'ए' के खिलाफ होने वाले मुकाबलों के लिए सुरेश रैना और अमित मिश्रा को इंडिया 'ए' में शामिल किया जाए। हालांकि, दोनों फिटनेस टेस्ट में फेल हो गए जबकि राष्ट्रीय क्रिकेट एकेडमी (एनसीए) के कोचिंग स्टाफ की निगरानी में दोनों ने फिटनेस पर जोर दिया था। आपको बता दें कि श्रीलंका दौरे से पहले भी सुरेश रैना और युवराज सिंह दोनों फिटनेस टेस्ट में फेल हो गए थे जिसके कारण चयनकर्ताओं ने युवा खिलाड़ियों को टीम में शामिल किया था।

## 'चाइनामैन' कुलदीप यादव की तारीफ में महान शेन वॉर्न ने कही बड़ी बात



**नई दिल्ली।** टीम इंडिया के स्पिनर कुलदीप यादव को इतनी तारीफ शायद पहले कभी नहीं हुई है। इस प्रशंसा का महत्व इसलिए और बढ़ जाता है कि यह दुनिया के महान स्पिन गेंदबाजों में शुमार शेन वॉर्न ने की है। इस 'चाइनामैन' बॉलर की प्रशंसा करते हुए शेन वार्न ने ट्वीट किया है कि यदि कुलदीप यादव धैर्य से क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट में गेंदबाजी करते रहे तो वह पाकिस्तान के लेग स्पिनर यासिर शाह को भी चुनौती दे सकते हैं। वह जल्द ही दुनिया का सर्वश्रेष्ठ स्पिनर साबित हो सकते हैं।


गौरतलब है कि पिछले एक साल में कुलदीप ने गेंदबाजी से पूरी दुनिया का ध्यान आकर्षित किया है। टीम इंडिया के कप्तान विराट कोहली भी उनकी कई बार प्रशंसा कर चुके हैं। टीम इंडिया के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने हाल ही में कहा था कि कुलदीप की सबसे बड़ी खासियत है कि गेंदबाजी करते हुए वे हमेशा आक्रामक रुख अपनाते हैं और जोखिम उठाने से नहीं डरते। कुलदीप के गेंदबाजी कौशल के कायल हुए दिग्गजों की सूची में अब शेन वॉर्न का नाम भी शामिल हो गया है। शेन वॉर्न ने यह भी ट्वीट किया, मैं पिछली बार जब भारत में था तो कुलदीप से मुलाकात का मौका मिला।टीम इंडिया के तत्कालीन कोच अनिल कुंबले ने कुलदीप की मुलाकात वॉर्न से कराई थी। वार्न ने कहा कि मुझे उसे गेंदबाजी करते देखकर खुशी होती है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भी वह बहुत अच्छी गेंदबाजी कर रहा है। इसी साल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ धर्मशाला में टेस्ट डेब्यू करने वाले कुलदीप यादव ने अपना पहला शिकार डेविड वॉर्नर को बनाया था। अपना पहला टेस्ट विकेट लेने के बाद कुलदीप ने बताया था कि जो गेंद उन्होंने वॉर्नर को आउट करने के लिए डाली थी वो गेंद फ्लिपर थी। उन्होंने बताया था कि वह गेंद उन्होंने शेन वॉर्न से सीखी थी।

## अगले महीने भारत दौरे पर आएगा श्रीलंका 3 टेस्ट, वनडे, टी-20 की होगी सीरीज



नई दिल्ली। श्रीलंका अगले महीने लगभग 37 दिनों तक चलने वाले अपने भारत दौरे पर तीन टेस्ट, तीन वनडे और इतने ही मैचों की टी-20 सीरीज भारतीय क्रिकेट टीम के साथ खेलेगा। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की ओर से अभी इसकी घोषणा करना बाकी है। लेकिन ऐसा समझा जाता है कि जुलाई-अगस्त में भारत के श्रीलंका दौरे के बाद श्रीलंकाई टीम भी अब अगले महीने भारत आएगी जहां वह मेजबान टीम के साथ तीनों प्रारुपों में तीन-तीन मैचों की सीरीज खेलेगी। भारत दौरे पर श्रीलंका 16 से 20 नवंबर तक कोलकाता में पहला टेस्ट मैच खेलेगा। मेहमान टीम इसके बाद 24 से 28 नवंबर तक नागपुर में दूसरा और दो से छह दिसंबर तक दिल्ली में तीसरा टेस्ट मैच खेलेगी। वर्ष 2015 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हुए मैच में आईसीसी द्वारा पिच को खराब करार दिए जाने के बाद से नागपुर में यह पहला टेस्ट मैच होगा। हालांकि टीम ने भारत बनाम आस्ट्रेलिया के बीच एक अक्टूबर को हुए पांचवें वनडे की मेजबानी की है। टेस्ट सीरीज के बाद श्रीलंकाई टीम 10 दिसंबर को धर्मशाला में पहला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच खेलने उतरेगी। टीम को इसके बाद 13 दिसंबर को मोहाली में दूसरा और 17 दिसंबर को विशाखापत्तम में तीसरा वनडे मैच खेलना है। कटक का बाराबती स्टेडियम दोनों टीमों के बीच पहले टी-20 मैचों की मेजबानी करेगा। सीरीज का दूसरा मैच 22 दिसंबर को इंदौर में और तीसरा 24 दिसंबर को मुंबई में खेला जाएगा।

## लगातार अच्छा प्रदर्शन नहीं करने से हमें नुकसान हुआ : स्मिथ



**नई दिल्ली।** भारत के हाथों पांच मैचों की श्रृंखला में 4-1 से हारने के बाद आस्ट्रेलिया के कप्तान स्टीव स्मिथ ने वनडे क्रिकेट में टीम के खराब प्रदर्शन के लिये निरंतरता के अभाव को दोषी ठहराया है। स्मिथ ने कहा, 'मुझे लगता है कि निरंतरता का अभाव हम पर भारी पड़ रहा है। आस्ट्रेलियाई टीम श्रृंखला में एक ही मैच जीत सकी और यह जीत भी विदेशी सरजमीं पर लगातार 11 हार के बाद मिली।' स्मिथ ने कहा कि वे बेहतर टीम से हारे। उन्होंने कहा, 'हमने इस श्रृंखला में टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन हमारे विकेट लगातार गिरते रहे जो ठीक नहीं है। शीर्ष चार खिलाड़ियों को अच्छा प्रदर्शन करना चाहिये था।' उन्होंने कहा, 'हमने कुछ मैचों में अच्छा प्रदर्शन किया खासकर बेंगलूर में पिछले मैच में लेकिन हम लगातार अच्छा नहीं खेल पाये।' आखिरी मैच के बारे में स्मिथ ने कहा कि वे भारतीय स्पिनरों को बखूबी नहीं खेल पाये चूंकि भारतीय कप्तान विराट कोहली ने अच्छी फील्ड लगाई थी और उनके खिलाड़ी हालात के अनुरूप ढल नहीं सके। उन्होंने कहा, 'हमने दूसरे मैच के बाद इस पर बात की थी।

हम स्पिनरों को अच्छे से नहीं खेल पा रहे थे। विराट कोहली ने अच्छी फील्ड लगाई और हमें खुलकर खेलने का मौका नहीं दिया। मुझे नहीं लगता कि हम हालात के अनुरूप खुद को ढाल सके।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# कंगना राणावत ने खरीदा 21 करोड़ का बंगला



बॉलीवुड एक्ट्रैस कंगना राणावत ने मुंबई के पॉश बांद्रा इलाके में एक बंगला खरीदा है जिसकी कीमत करीब 21 करोड़ रुपए बताई जा रही है। कंगना की प्रवक्ता ने इस बात की पुष्टि कर दी है। इस बंगले में कंगना रहेंगी नहीं बल्कि उनकी फिल्म निर्माण कंपनी ' मणिकर्णिका फिल्मस ' का कामकाज होगा और बंगले का नाम भी इसी के नाम पर रखा गया है। कंगना इन दिनों झाँसी की रानी लक्ष्मीबाई पर फिल्म बना रही हैं, जिसका नाम मणिकर्णिका–द क्वीन ऑफ झांसी' है। फिल्म का एक शेड्यूल पूरा हो चुका है।

बता दें कि कंगना का यह बंगला बांद्रा के पॉश इलाके पॉली हिल में नरगिस दत रोड पर स्थित है। इस बंगले के अगल बगल में दिलीप कुमार , संजय दत्त और ऋषि कपूर जैसे कई बड़े सितारे रहते हैं। कंगना की मैनेजर ने बताया है कि भूतल सहित तीन मंजिल में बने इस बंगले की रजिस्ट्री सितंबर में हुई है। बताया जा रहा है कि तीन हजार वर्ग फुट के इस बंगले की रजिस्ट्री 20 करोड़ 70 लाख रुपए में हुई है। जल्द ही इस जगह से कंगना अपनी फिल्मों का प्रोडक्शन वर्क शुरू करेंगी।

# अजीबोगरीब लुक में स्पॉट हुई कैटरीना



बॉलीवुड एक्ट्रैस में शामिल कैटरीना कैफ हाल ही में एयरपोर्ट पर स्पॉट हुई। जहां वह बिल्कुल भी पहचान में नहीं नजर आ रही थी। दरअसल, 'टाइगर जिंदा है' कि ये हीरोइन ऐसे फैशन आइकन में एयरपोर्ट से बाहर आईं कि कोई भी उन्हें आसानी से पहचान नहीं सका। एयरपोर्ट के बाहर कैटरीना को ब्लैक ट्रैक पेंट में देखा गया उन्होंने टी, लॉन्ग शिरग्स, स्नीकर्स और ग्लेयर्स पहने हुए थे। इस लुक में कैटरीना बिल्कुल कूल लग रही थीं। वह बेहद अजीबोगरीब लुक में नजर आईं। बता दें कि कबीर खान की फिल्म 'एक था टाइगर' की अगली सीरीज 'टाइगर जिंदा है' में कैटरीना एक बार फिर दबंग खान के साथ नजर आने वाली हैं। इसके बाद वे आनंद एल रॉय की फिल्म में किंग खान और अनुष्का शर्मा के साथ एक बार फिर दिखाई देंगी।

# 'वीरे दी वेडिंग' के लिए पसीना बहा रही हैं करीना



बॉलीवुड करीना लम्बे समय बाद बड़े पर्दे पर वापसी करने जा रही हैं। इन दिनों वह अपनी फिटनेस को लेकर काफी सतर्क हैं। करीना एक दिन में लगभग 10 घंटे समय खुद को फिट करने के लिए दे रही हैं। खबरों की मानें तो करीना वीरे दी वेडिंग में फिट दिखने के लिए एक खास तरह की ट्रेनिंग ले रही है। खबरों की मानें तो करीना इस फिल्म में दो अलग–अलग लुक में नजर आएंगी। फिल्म के पहले भाग में जहाँ करीना को दुबला– पतला लगना है वहीं दूसरे भाग में करीना का वजन ज्यादा होगा। फिल्म से जुड़े एक सूत्र ने मिड–डे को बताया है कि करीना पिछले एक हफ्ते से हर दिन करीब 10 घंटे वर्कआउट कर रही हैं। दिल्ली के जिस होटल में फिल्म की पूरी कॉस्ट मौजूद है वहीं पर एक पाइलेट्स मशीन को रखा गया है। इस मशीन पर करीना लगभग एक घंटे वर्कआउट करती हैं। कभी–कभी ऐसा होता है कि वह सेट पर लगभग 14 घंटे के लिए रहती हैं। उसके बाद वह रात में कुछ घंटों के लिए वर्कआउट करती हैं। इसके अलावा वह दिन में जिम में जमकर पसीना बहाती है। बता दें कि वीरे दी वेडिंग को सोनम कपूर की बहन रेहा कपूर प्रोड्यूस कर रही हैं। यह अगले साल रिलीज होने वाली है। इसमें करीना के साथ एक्ट्रेस सोनम कपूर और स्वरा भास्करा भी मुख्य भूमिका नजर आएंगी। पहले कटरीना कैफ और हुमा कुरेशी को लिए जाने की चर्चा थी, लेकिन बाद में सोनम और स्वरा की केमिस्ट्री देखते हुए उन्हें इस फिल्म में लिया गया।

## आमिर करेंगे सीक्रेट सुपरस्टार के प्रचार

बॉलीवुड एक्टर आमिर खान का कहना है कि फिल्म सीक्रेट सुपरस्टार अभी उनकी प्राथमिकता है। वह ह्ठग्स ऑफ हिंदोस्तान की शूटिंग सीक्रेट सुपरस्टार की रिलीज के बाद करेंगे। सीक्रेट सुपरस्टार में आमिर हैं। फिल्म में जायरा वसीम मुख्य भूमिका में है। आमिर ने ट्वीट किया, अब ठग्स ऑफ हिंदोस्तान पिछली सीट पर है, क्योंकि आज से 100 प्रतिशत सीक्रेट सुपरस्टार को दूंगा! फिल्म के निर्देशक और लेखक अद्वैत चंदन हैं। यह फिल्म एक किशोरी (जायरा) की कहानी है जो गायिका बनना चाहती है। बता दें कि फिल्म 19 अक्तूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।